CMYK

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

n वर्ष : 11 अंक : 25 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 11 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# अनेकों खुशियों, उम्मीदों, भरोसे और आशाओं की स्वर्णिम झांकी दिखाएगा भजन लाल सरकार का बजट

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने की मुलाकात, दोनों नेताओं ने बजट को दिया अंतिम रूप, आज विधानसभा में सुबह 11:00 बजे दिया कुमारी बजट करेंगे प्रस्तुत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बुधवार का दिन भगवान श्री गणेश के नाम अर्पित होता है। इस दिन अच्छे मन से जो भी भगवान श्री गणेश का नाम लेकर अपना कार्य शुरू करता है उसे कार्य में उसे जरूर सफलता मिलती है। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज के दिन ही प्रदेश की जनता को बजट समर्पित करने का निर्णय लिया ताकि बजट में जितनी भी घोषणाएं की जाए वह सभी घोषणाएं और कार्य निर्धारित अवधि से पहले पूरे हो जाएं। इसीलिए आज बुधवार के दिन उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी राजस्थान विधानसभा में सुबह 11:00 बजे सरकार का बजट प्रस्तुत करने जा रही हैं प्रदेश की जनता को उम्मीद है कि यह बजट उनके लिए अनेक खुशियां तो साथ ला ही रहा है। इसके अलावा प्रदेश के हर क्षेत्र में तेजी से विकास करने की परिकल्पना को भी साथ लेकर आ रहा है इसलिए प्रदेश की जनता सरकार के इस बजट का बेताबी से इंतजार कर रही है सबसे पहले भजनलाल सरकार ने राजस्थान विधानसभा में जितने भी बजट प्रस्तुत किया वह सब बजट जन कल्याणकारी और प्रदेश के विकास को गतिमान बनाने वाले रहे बड़ी बात यह रही की अब से पहले भजनलाल सरकार की ओर से जितने भी बजट प्रस्तुत किए गए उन सब बजट की घोषणाओं की क्रियान्वयन में भी सरकार ने प्रभावी कार्य किया जिसका सीधा असर प्रदेश के



विकास में भी देखने को मिला और प्रदेश के हर सेक्टर में हो रहे क्रांतिकारी बदलाव से भी देखने को मिला। इसलिए प्रदेश के लोग इस बार के बजट को लेकर भी काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं । बजट प्रस्तुत होने से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को गोविंद देव जी मंदिर के दर्शन किए और प्रदेश के विकास और लोगों की खुशहाली की कामना की । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर के आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर के दर्शन किए यहां उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश के विकास और खुशहाली की कामना की इस मंदिर के प्रति भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गहरी आस्था रही है। प्राचीन काल में राजा भी कोई अच्छा कार्य शुरू करता था तो वह पहले अपने देवी देवताओं की चौखट पर जाकर उसे कार्य के ठीक तरह से संपादित होने की अर्जी लगता था इसलिए शासन का मुखिया होने के नाते भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अपने आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर के दर्शन किए। क्योंकि बुधवार को राजस्थान अपने विकास की एक और नई पटकथा लिखने जा रहा है इसलिए यह पटकथा एक खूबसूरत फिल्म के रूप में प्रदेश के लोगों को खुश करें इसी उम्मीद के साथ मंगलवार को उन्होंने गोविंद देव जी से प्रार्थना की वैसे भजनलाल शर्मा की दिनचर्या में पूजा पाठ है। चाहे वह कितने ही बिजी हो उनके नित्य कर्म में पूजा पाठ है इसीलिए ईश्वर की उन पर असीम कृपा और आशीर्वाद भी है आज पिछले 2 साल में उन्होंने राजस्थान में जो ऐतिहासिक कार्य करके दिखाया उसकी वजह से उनके नेतृत्व क्षमता और बुद्धि कौशल कि पूरे देश में चर्चा होती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुख्यमंत्री शर्मा के कार्यों से काफी खुश है इसलिए अपने आराध्य देव से मंगलवार को आशीर्वाद लेकर भजन लाल शर्मा एक बार फिर प्रदेश की जनता की उम्मीद और विश्वास पर खरा उतरकर.आज के इस बजट के माध्यम से खुद को साबित करने का प्रयास करेंगे ।

### कई दिनों की मेहनत और रात-रात भर जागकर तैयार किया गया यह बजट

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री ऑफिस और मुख्यमंत्री निवास पर स्थित तमाम ऑफिसर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और वित्त विभाग से जुड़े तमाम अधिकारी, कर्मचारी इत्यादि सभी ने इस बजट को तैयार करने में कड़ी मेहनत की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले कई दिनों से इस बजट के स्वरूप को तैयार करने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक विभिन्न क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट लोगों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, किसान संगठनों, युवाओं, महिलाओं, स्वयंसेवीसंस्थाओं, सरकारी कर्मचारी संगठनों, मजदूर संगठनों औद्योगिक संगठन व्यापारिक संगठन जनप्रतिनिधियों और विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों से सामूहिक चर्चा और संवाद करके बाकायदा उनसे एक अच्छे बजट के लिए सुझाव और सलाह का संकलन किया ताकि हर क्षेत्र के लोगों को यह बजट पसंद आए और प्रदेश के सर्वांगीण विकास को और तेजी से आगे बढ़ा सके इसके लिए भजनलाल शर्मा ने एक भी ऐसा क्षेत्र अछूता नहीं छोड़ा जिसके साथ उन्होंने इस बजट को लेकर चर्चा नहीं की हो और सलाह नहीं ली हो इसलिए आज प्रस्तुत हो रहे इस बजट में एक बार फिर से किसान मजदूर युवा महिला ग्रामीण विकास और गांव की खुशहाली के साथ-साथ छोटे कस्बे और बड़े शहर के सुंयोजित विकास की झांकी आज के बजट में देखने को मिल सकती है बताया गया है कि इस बजट को तैयार कर रहे कई अधिकारी और कर्मचारी पिछले एक महीने से ठीक तरह से अपनी रात की नींद भी नहीं निकाल पाए ।

### पिछले सभी बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन में भजनलाल सरकार का रहा शानदार रिकॉर्ड

बजट के बारे में अच्छी जानकारी रखने वाले पत्रकारों और विश्लेशको का कहना है कि पिछले 2 साल में प्रदेश के भजनलाल सरकार ने जितने बजट राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत किया उन सब बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की दिशा में सरकार की ओर से शानदार प्रयास किए गए सरकार ने हर विभाग से जुड़ी घोषणाओं को प्राथमिकता के हिसाब से पूरा करने की दिशा में तत्परता दिखाई जिसका परिणाम यह रहा की बहुत ही कम मात्रा में घोषणाएं रह गई है जो पूरी नहीं हो पाई अन्यथा सभी घोषणाएं सरकार ने पुरी की जिसका असर प्रदेश के विकास में साफ दिखाई दे रहा है। जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री से बजट के बारे में संवाद के दौरान कहा कि उनके क्षेत्र में बजट में जो जो घोषणाएं की गई उनको लेकर उन्हें किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं है सभी घोषणाएं पूरी हो गई है जो निश्चित रूप से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक मजबूत और कुशल मुख्यमंत्री के रूप में साबित करता है अन्यथा अक्सर यह देखा जाता है राजस्थान विधानसभा में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो बजट में घोषणाएं बहुत कर दी जाती हैं लेकिन उनमें अधिकांश पूरी हो ही नहीं पाती लेकिन पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार के कार्यकाल में जितनी भी घोषणाएं हुई उनमें अधिकांश घोषणाएं पुरी की गई इसलिए आज जारी हो रहे बजट की घोषणाओं को लेकर भी लोगों में काफी उत्सुकता है लोगों को लगता है कि मुख्यमंत्री जो भी वादा करते हैं उस वादे को हर हाल में निभाते हैं।

## ग्रामीण विकास, किसान युवा, मजदूर महिलाओं, उद्योग शिक्षा चिकित्सा सड़क पानी बिजली जैसे क्षेत्र पर बजट में रहेगा फिर विशेष फोकस

जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में कुछ ही दिनों के बाद में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव होने वाले हैं कांग्रेस पार्टी मनरेगा को लेकर गांव गांव आंदोलन छेड़े हुए हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी के इस आंदोलन को बैक फुट पर करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज के इस बजट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की खुशी और ग्रामीण विकास पर ज्यादा फोकस दे सकते हैं वैसे भी मुख्यमंत्री शर्मा का ग्रामीण क्षेत्रों पर शुरू से ही फोकस रहा है मुख्यमंत्री शर्मा किसान मजदूर युवा और महिलाओं के कल्याण और विकास को हमेशा प्राथमिकता देते रहते हैं इसीलिए आज के बजट में किसान और खेती की उन्नति के साथ-साथ व्यापार और उद्योग जगत से जुड़े लोगों को भी काफी राहत मिल सकती है क्योंकि भजनलाल शर्मा ने कुछ महीने पहले प्रदेश में राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन करके प्रदेश में एक शानदार औद्योगिक माहौल बनाने की जो मुहिम छेड़ी है उसे देखते हुए प्रदेश के व्यापारियों और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आज के बजट में भी और प्रावधान देखने को मिल सकते हैं इसके अलावा किसान और युवाओं के लिए सरकार शुरू से ही नए-नए तोहफे और नई-नई योजनाएं समर्पित करती रही हैं इस बजट के माध्यम से किसान और युवाओं को भी काफी कुछ मिलने के आसार हैं महिलाओं के कल्याण और विकास के साथ-साथ महिला सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा शुरू से ही काफी गंभीर रहे हैं और महिलाओं को आत्मनिर्भर और उन्हें स्वालंबन बनाने के लिए उन्होंने कई तरह के कदम भी उठा इसलिए आज के इस बजट में महिलाओं को भी काफी कुछ सौगात मिल सकती है पशुधन के संरक्षण, मंदिरों का संरक्षण और विस्तार पर्यटन को और गति देने जैसे विषयों पर भी बजट में फोकस रहेगा प्रदेश के सभी जिलों में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की दिशा में भी आज के बजट में कुछ महत्वपूर्ण प्रावधान दिख सकते हैं इस तरह से आज का यह बजट विकसित राजस्थान की परिकल्पना की एक खूबसूरत तस्वीर हमें दिखा सकता है

## पीएम मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तर पश्चिम रेलवे को दिया पर्याप्त बजट, अधिकारी खुश

### वर्ष 2026-27 में 350 किलोमीटर से अधिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्य पूरे करने का लक्ष्य

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे को बजट में बहुत कुछ दे दिया है जिसकी वजह से आने वाले समय में उत्तर पश्चिम रेलवे में रेलवे का आधारभूत ढांचा और मजबूत दिखाई देगा मोदी सरकार के पर्याप्त बजट आवंटित करने से उत्तर पश्चिम रेल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के चेहरे पर भी खुशी छाई हुई है । उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेल विकास के लिए अनेक कार्य प्रगति पर है। नई लाइन, दोहरीकरण और गेज परिवर्तन के कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। क्षमता बढोतरी के लिए कार्य त्वरित गति के साथ निष्पादित किए जा रहे हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे में वर्ष 2024-25 में 70 किलोमीटर निर्माण परियोजनाओं को पूरा किया गया तथा इस वर्ष अभी तक 94 किलोमीटर नई लाइन एवं दोहरीकरण के कार्य पूरे किए गए है तथा मार्च 2026 तक 29 किलोमीटर का कार्य और पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्ष 2026-27 में 350 किलोमीटर से अधिक नई लाइन, दोहरीकरण और गेज परिवर्तन के कार्य पूरे



करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वर्ष 2026-27 में रेलवे को अभी तक का सबसे अधिक रिकार्ड 2.78 लाख करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया गया है। राजस्थान के लिए वर्ष 2026-27 के बजट में पहली बार 10 हजार करोड़ रूपए से अधिक 10228 करोड़ रूपए प्रदान किए गए है। हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के निर्माण परियोजनाओं की प्रगति में निधि के कारण कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी। सभी कार्य सुगमता से प्रगति करेंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे में जयपुर-सवाई माधोपुर दोहरीकरण, आरडीएसओ डेडीकेटेड टेस्ट ट्रैक, तरंगा हिल-आबु रोड़ नई लाईन सहित लगभग 1500 किलोमीटर से अधिक के नई लाइन, दोहरीकरण और गेज परिवर्तन के कार्य प्रगति पर है और अनुपगढ़-बीकानेर नई लाईन, रास-बिलाड़ा नई लाईन, बठिंडा-हनुमानगढ़-सुरतगढ़-बीकानेर दोहरीकरण सहित 1500 किलोमीटर से अधिक के कार्य स्वीकृति के विभिन्न चरणों में है। इसके साथ ही बीकानेर बाईपास, खाटूश्यामजी-सालासर-सुजानगढ़ देवगढ़-मदारिया-मारवाड़ सहित 2000 किलोमीटर से अधिक के नई लाइन व दोहरीकरण के सर्वे प्रगति पर है।

## साइबर अपराध के खिलाफ मजबूत तंत्र की जरूरत, सभी एजेंसियां मिलकर कर रहीं कामः अमित शाह

नई दिल्ली/एजेंसी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'साइबर-आधारित धोखाधड़ी से निपटना और इसके तंत्र को समाप्त करना' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आई4सी, राज्य पुलिस, सीबीआई, एनआईए, ईडी, दूरसंचार विभाग, बैंकिंग प्रणाली, आईटी मंत्रालय, आरबीआई और न्यायपालिका जैसे संस्थान सभी साइबर अपराध को रोकने और कम करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि जनवरी 2020 से 2025 तक आई4सी के रिपोर्टिंग पोर्टल का व्यापक उपयोग हुआ है। 30 नवंबर 2025 तक इसे 23 करोड़ से अधिक बार इस्तेमाल किया गया, जो इसकी बढ़ती अहमियत को दर्शाता है। इसी अवधि में 82 लाख साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से लगभग 1 लाख 84 हजार एफआईआर में परिवर्तित की गईं और अनेक मामलों का निराकरण भी हुआ। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय ने साइबर अपराध के खिलाफ काफी पहले ही एक व्यापक रणनीति अपनाई है, जिसमें रियल-टाइम रिपोर्टिंग, फॉरेंसिक लैब का नेटवर्क, क्षमता निर्माण, अनुसंधान एवं विकास, साइबर जागरूकता को समाज तक पहुंचाना और साइबर स्पेस में साइबर हाइजीन सुनिश्चित करना शामिल है। इन सभी प्रयासों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर हमें एक मजबूत और सुरक्षित तंत्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। गृह मंत्री ने कहा कि जनवरी 2019 में गृह मंत्रालय ने आई4सी की स्थापना की। आई4सी एक अद्भुत इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने में सफल रहा है। विभिन्न एजेंसियों के बीच इसने बेहतर समन्वय स्थापित किया, आवश्यक साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर कई स्थानों पर खड़ा किया और साइबर अपराधियों के



खिलाफ प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने सीबीआई और आई4सी को बधाई देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें कई सरकारी एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। गृह मंत्रालय स्वतंत्र रूप से योगदान दे रहा है और आई4सी, राज्य पुलिस, सीबीआई, एनआईए, ईडी, दूरसंचार विभाग, बैंकिंग प्रणाली, आईटी मंत्रालय, आरबीआई और न्यायपालिका जैसे संस्थान सभी साइबर अपराध को रोकने और कम करने के लिए प्रयासरत हैं। प्रत्येक एजेंसी की अपनी भूमिका और जिम्मेदारी होती है। उन्होंने बताया कि 11 साल पहले 25 करोड़ इंटरनेट उपभोक्ता थे, जो आज बढ़कर 100 करोड़ हो गए हैं। ब्रॉडबैंड कनेक्शनों में भी 16 गुना वृद्धि होकर यह संख्या 100 करोड़ से अधिक हो चुकी है। 1 जीबी डेटा की कीमत में 97' की कमी आई है, जिससे कनेक्टिविटी और उपयोग में वृद्धि हुई है। 11 साल पहले 546 पंचायतें भारतनेट से जुड़ी थीं, जबकि आज 2 लाख पंचायतें इससे जुड़ चुकी हैं। यूपीआई लेन-देन के तहत वर्ष 2024 में 233 ट्रिलियन भारतीय रुपए मूल्य के 181 बिलियन डिजिटल ट्रांजेक्शन किए गए। दुनिया में हर दूसरा डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में हो रहा है। 2024 में भुगतान प्रणाली के कुल 97' ट्रांजेक्शन डिजिटल थे और वॉल्यूम के हिसाब से 99' लेन-देन डिजिटल माध्यम से हुए।

## भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारम्भ




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य हेतु जिला एवं चार्ज स्तर (ग्रामीण) के अधिकारियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में किया गया। यह प्रशिक्षण 10 फरवरी से 11 फरवरी, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चार्ज स्तर पर नियुक्त सभी अधिकारी तकनीकी प्रशिक्षण की बारीकियों को गंभीरता से समझें तथा प्रायोगिक अभ्यास को प्राथमिकता दें, ताकि जनगणना कार्य का सफल एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य निदेशालय, राजस्थान के प्रशिक्षक एवं संयुक्त निदेशक श्री अविनाश शर्मा ने बताया कि जनगणना-2027 राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसकी गुणवत्ता सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने वाले आंकड़ों की शुद्धता से जुड़ी होती है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना आधुनिक एवं पूर्णतः डिजिटल स्वरूप में सम्पन्न की जाएगी, जिससे डाटा की शुद्धता, पारदर्शिता एवं त्वरित विश्लेषण सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य स्व-गणना के माध्यम से 1 मई से 15 मई तक तथा फील्ड कार्य 16 मई से 14 जून तक सम्पन्न किया जाएगा। सम्पूर्ण प्रक्रिया जनगणना प्रबंधन पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से संचालित होगी।

## राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों से कहा -काम करने वालों का होगा प्रमोशन, पार्टी के विचार गांव गांव तक ले जाए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान को लेकर शुरू से ही गंभीर हैं। इस अभियान के तहत राहुल गांधी पार्टी के संगठन को निचले स्तर पर मजबूत करने के साथ-साथ पार्टी की नीति विचार और सिद्धांतों को गांव-गांव लेकर जाने के विषय पर अपना ध्यान ज्यादा केंद्रित किए हुए हैं। इसीलिए उन्होंने राजस्थान सहित कई अन्य राज्यों के पार्टी के जिला अध्यक्षों के साथ मंगलवार को दिल्ली में इंदिरा गांधी भवन में सामूहिक संवाद किया हालांकि इस कार्यक्रम को जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग कैंप के रूप में नाम दिया गया है जिसमें राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल




सहित पार्टी के कई अन्य केंद्रीय नेताओं ने पार्टी के जिला अध्यक्षों को पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए आवश्यक गुरु मंत्र और टिप्स दिए। इस विशेष कार्यक्रम में राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली और राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा के अलावा अन्य राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और प्रतिपक्ष के नेता भी शामिल थे द्य इस कार्यक्रम में राहुल गांधी ने काफी देर तक पार्टी के जिला अध्यक्षों के साथ सामूहिक संवाद किया। राहुल गांधी ने पार्टी के जिला अध्यक्षों से कहा कि वह गांव-गांव जाकर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात करें और उन्हें कांग्रेस पार्टी की रीति नीति सिद्धांत कार्यक्रमों आगामी योजनाओं और कांग्रेस पार्टी के उन नेताओं के बारे में भी लोगों को जानकारी दें जिन्होंने देश सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकारों की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों उल्लेखनीय योजनाओं उल्लेखनीय कानून इत्यादि सभी के बारे में लोगों को बताएं और यह बताएं कि कांग्रेस पार्टी सभी जाति और बिरादरी के लोगों के समान विकास के भाव से कार्य करती है और हमेशा लोकतंत्र संविधान और कानून की रक्षा के लिए समर्पित रही है उन्होंने जिला अध्यक्षों से कहा कि जिन राज्यों में हमारी पार्टी की सरकार नहीं है वहां बिना किसी डर के लोगों के बीच जाएं और खुलकर अपनी बात कहें जहां भी गड़बड़ी भ्रष्टाचार और कमियां दिखे उनके खिलाफ जोरदार तरीके से आवाज़ उठाएं उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब उन नेताओं को पूरा अवसर और मौका देगी जो पार्टी के प्रति निष्ठा भाव से होकर काम करेंगे उन्होंने पार्टी के जिला अध्यक्षों से कहा कि उनके कार्यों का नियमित रूप से आकलन होगा आने वाले 3 महीने में आपने पार्टी के लिए क्या किया इसका भी आकलन होगा इस आकलन में अच्छा काम करने वाले नेताओं को आगे और अच्छा अवसर मिलेगा और जो काम नहीं करेगा उसे पद से हटाया भी जा सकता है उन्होंने कहा कि अब साल में 365 दिन सक्रिय रहने वाले और पार्टी के लिए कार्य करने वाले नेताओं को ही पार्टी आगे बढ़ने का मौका देगी उन नेताओं को पार्टी अवसर नहीं देगी जो सिर्फ चुनाव के दौरान सक्रिय होते हैं उन्होंने जिला अध्यक्षों से कहा कि वर्तमान में बहुत से मुद्दे हैं जिन्हें घर-घर तक पहुंचाना बहुत जरूरी है एसआईआर, मनरेगा वोट चोरी, केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग, केंद्र सरकार की मनमानी तानाशाही ऐसे अनेकों मुद्दे हैं जिनके बारे में लोगों को गहनता से जानकारी देने के लिए एक सुनियोजित कार्यक्रम तैयार करें उन्होंने कहा कि पार्टी का जिला अध्यक्ष एक महत्वपूर्ण पद होता है इसलिए जिला अध्यक्षों को इस कार्य में अपनी पूरी निष्ठा और सक्रियता दिखाने की जरूरत है कार्यक्रम को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकअर्जुन खड़के, केसी वेणुगोपाल और पार्टी कई अन्य बड़े नेताओं ने भी संबोधित किया और पार्टी के जिला अध्यक्षों को अपने-अपने तरीके से यह बताने का प्रयास किया की पार्टी के संगठन को कैसे और किस तरह से मजबूत किया जाता है पार्टी के साथ नए लोगों को कैसे और किस तरह से जोड़ा जा सकता है इन जरूरी विषयों पर पार्टी के सीनियर नेताओं ने जिला अध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

CMYK

## विराट हिंदू सम्मेलन में सभी हिन्दुओं को जाति पाती के बंधन को छोड़कर एकजुटता में रहने का किया आव्हान




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में मंगलवार को मुंशी बाग बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुंशी बाग बस्ती के पंडित विवेकानन्द शर्मा ने बताया कि मंगलवार को विराट हिंदू सम्मेलन में जगन्नाथ मंदिर से भव्य कलश यात्रा एवं ध्वज यात्रा निकाली गई जो कि प्रमुख मार्गो से होते हुए विश्वकर्मा मंदिर मुंशी बाग पहुंची। उसके पश्चात मुख्य वक्ता कैलाश एवं संघ के जिला प्रचारक रोहित ने कहा कि सभी हिन्दुओं को जाति पाती के बंधन को छोड़कर एकजुट रहना चाहिए तभी एक सभ्य और शसक्त समाज का निर्माण संभव है। मुख्य अतिथि संत आकाश नाथ महाराज (भूरा सिद्ध वाले) ने मातृ शक्ति का सनातन को आगे बढ़ाने का अहम योगदान है और मातृ शक्ति से ही सनातन की धर्म पताका आगे बढ़ रही है। सभी को भाईचारे के साथ रहने का आवाहन किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष बीजजू भाईसाहब ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी को भोजन प्रसादी की गई। मंगलवार के विराट हिंदू सम्मेलन में सर्वेश शर्मा, प्रवेश जैन, त्रिलोक शर्मा, तरुण जैन, सुरेश कुमार, बिजेंद्र बारी, कुशाल सैन, धारा सोनी, राजू शर्मा, अभय सिंह, पंडित विवेकानन्द शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र स्थित काला कुआं इलाके में एक 60 साल के बुजुर्ग ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजन रितिक ने बताया कि भवानी शंकर शेखावत निवासी जयपुर के चौमूं के रहने वाले थे और पिछले कई साल से काला कुआं क्षेत्र में रह रहे थे। वह जिला अस्पताल के बाहर चाय की दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। मृतक के दो बच्चे हैं परिजनों के अनुसार, रोजाना की तरह भवानी शंकर शेखावत दुकान से घर लौटे, खाना खाया और कमरे में सोने चले गए। सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने दरवाजा खोलकर देखा, जहां वह फांसी के फंदे पर लटके मिले, जिसके बाद परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने फंदे से लटका होने की तुरंत पुलिस को सूचना दी। बुजुर्ग के फंदा लगाने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतार हॉस्पिटल भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया ओर जांच शुरू कर दी है।

## रोटरी क्लब अरावली एवं एस.बी.आई. ने लगाये पौधे एवं सैनेटरी पेड किये वितरित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अरावली एवं एस.बी.आई. बैंक द्वारा सैनेटरी पैड वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन महेन्द्र गोयल ने बताया कि रोटरी क्लब अरावली एवं एस.बी.आई. द्वारा यशवन्त स्कूल प्रांगण में पौधों का पौधारोपण कर स्कूल में अध्यनरत बालिकाओं को सैनेटनरी पैड वितरित किये। इस कार्य में प्राचार्य डॉ. घनश्याम सैनी एवं समाजसेविका रूबी एवं रोटेरियन रघूवीर सिंह यादव के सहयोग किया। उपरोक्त कार्यक्रमों में गरिमा गोयल, क्षितिज माथुर, सतीश मोदी, यश भार्गव साथ रहे।]

## नि:शुल्क जॉच शिविर मे 102 मरीजों को मिला परामर्श





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर द्वारा आयोजित नि:शुल्क लीवर, बीएमडी (हड्डीयों की जॉच) एवं थाइरॉइड जॉच शिविर श्रीमती बर्फी देवी पुरुषोत्तमदास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय 95 आर्य नगर, स्कीम नं. 01, राम वाटिका पार्क के पास, में वरिष्ठ रोग विशेषज्ञ द्वारा शिविर आयोजित किया गया। महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि दिनांक 10 फरवरी 2026 मंगलवार को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक शिविर में 102 मरीजो की नि:शुल्क लीवर, बीएमडी (हड्डीयों की जॉच) एवं थाइरॉइड की जॉच की गई। शिविर में सर्वप्रथम महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता, गोविन्द गोयल चिकित्सालय संयोजक, अनिल अग्रवाल (गुडवाले) विष्णु गोयल पूर्व मंत्री, ने अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यपर्ण कर कैम्प की शुरूआत की एवं मंत्री विजय कुमार अग्रवाल, राकेश बंसल, सुभाष जी गोटेवाले, एस.एन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुरेश कम्पाउंडर आदि के कैम्प में अपना सहयोग प्रदान किया।

### युवा संबल रोजगार मेला आयोजित

# जिला कलक्टर ने विभिन्न योजनाओं के 7 लाभार्थियों को सौंपे ऋण स्वीकृति पत्र

### विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना के तहत ऋण स्वीकृति पत्र पाकर लाभार्थी बनेगें आत्मनिर्भर एवं रोजगार प्रदाता

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कालीमोरी स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित युवा संबल रोजगार मेला-2026 का फीता काटकर शुभारम्भ किया तथा विभिन्न योजनाओं के सात लाभार्थीयों को ऋण स्वीकृति पत्र सौंपें। युवा संबल मेले में 611 प्रतिभागियों का नियोजकों द्वारा रोजगार हेतु प्राथमिक चयन किया गया।

जिला कलक्टर ने युवा संबल रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगाई स्टॉलों का अवलोकन कर कम्पनी प्रतिनिधियों से उनके द्वारा आशार्थियों को दिये जा रही रोजगार अवसरों, कार्यो की प्रकृति एवं चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली तथा उन्होंने नियोजकों से कहा कि मेले में आने वाले युवाओं को उनकी योग्यता अनुसार अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करावें। उन्होंने संवाद के दौरान युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति उनके कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए राज्य सरकार





द्वारा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, जिनका वे अपनी पात्रता एवं योग्यता के अनुसार लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकते है। उन्होंने संबंधित विभागियों अधिकारियों को संबल मेले में आये युवाओं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने महिला बीमा सखी प्रिंयवदा शर्मा को बीमा सखी के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया।

### जिला कलक्टर ने विभिन्न योजनाओं के 7 लाभार्थियों को सौंपे ऋण स्वीकृति पत्र

जिला कलक्टर ने मेले में विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना के तहत 7 लाभान्वित को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये, जिनमें मसाला निर्माण कार्य हेतु तेजपाल सिंह यादव को 20 लाख रुपये, बेकरी प्रोडक्ट निर्माण हेतु चिराग जैन को 16.40 लाख रुपये, फोटोग्राफी कार्य हेतु नंदलाल गुर्जर को 8.82 लाख रुपये, महेन्द्र कुमार सैन को 3 लाख रुपये, मनोज मेठी को 2.25 लाख रुपये एवं डी.जी. सैट हेतु हेमा सैनी को 5.35 लाख रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र सौंपे। इसी प्रकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित एवं आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजनान्तर्गत का कोस्मेटिक व बुटिक कार्य हेतु देशराज मीना को 12.75 लाख रुपये का चैक सौंपा गया।

### विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना के तहत ऋण स्वीकृति पत्र पाकर लाभार्थी नंद लाल गुर्जर एवं चिराग जैन बनेगें आत्मनिर्भर एवं रोजगार प्रदाता

युवा संबल रोजगार मेले में लाभार्थी नंदलाल गुर्जर ने जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना के तहत फोटोग्राफी कार्य के लिए 8.82 लाख रुपये का ऋण चैक मिलने पर खुशी व्यक्त की। लाभार्थी ने कहा कि इस राशि के माध्यम से फोटोग्राफी कार्य में आने वाली तकनीकी मशीनों के क्रय के साथ अन्य आवश्यक सामान खरीदकर अपना स्वयं का व्यवसाय कर सकूंगा। इससे मेरी आय में वृद्धि के साथ अपने स्वयं का व्यवसाय करने का सपना भी साकार होगा। वहीं लाभार्थी चिराग जैन ने युवा संबल रोजगार मेले में विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना के तहत 16.40 लाख रुपये ऋण चैक मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि योजना के माध्यम से मुझे व्यवसाय के लिए सुगमता से ऋण प्राप्त हुआ है। इसके माध्यम से व्यवसाय का ओर अधिक विस्तार कर आय में वृद्धि के साथ अन्य लोगो को भी रोजगार के अवसर महैया करा सकुंगा। युवाहितैषी योजनाओं के लिए मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी माधव भारद्वाज, संयुक्त निदेशक श्यामलाल साटोलिया, डीआईसी के महाप्रबन्धक संजय प्रधान, आईटीआई के उप निदेशक मनोज अग्रवाल, रोजगार विभाग के सहायक निदेशक हरीश कुमार नैनकवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बडी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## पापों की निवृत्ति के लिए कुछ दिन हमें तीर्थ में वास जरूर करना चाहिए- संत डॉ. शिवम साधक महाराज

### शिव कृपा आनंद महोत्सव में सुनाई शिव कथा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शिव कृपा आनंद महोत्सव के दूसरे दिन की शिव कथा में पर संत डॉ शिवम साधक महाराज ने कथा कहते हुए सुनाया कि शिव की कृपा के बिना जीवन में शांति नहीं आ सकती। जीवन में कितनी भी दौलत आ जाए लेकिन बिना शिव कृपा के प्रसन्नता नहीं आएगी, जीवन का सही निर्णय व्यक्ति केवल शांति में ही ले सकता है। साथी तीर्थराज प्रयाग की महिमा सुनाते हुए कहा कि पापों की निवृत्ति के लिए कुछ दिन हमें तीर्थ में वास जरूर करना चाहिए। शिवलिंग की प्राकृतिक कथा सुनकर सभी श्रोता भावुक हो गए। कथा के पश्चात दूर-दूर से पहुंचे भक्तों के कष्ट निवारण के लिए भगवान शिव के दिव्या चंदन प्रसाद को भक्तों के मस्तक पर लगाया। वहीं रात्रि में खाटू श्याम ज्योति पूजन में सम्मिलित होकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए अनेक भक्तों ने बाबा खाटू श्याम की कृपा को प्राप्त किया। साधक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ एस सी मित्तल ने बताया कि संत डॉ. शिवम साधक महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन 15 फरवरी





तक दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक शिव कथा का गुणगान किया जा रहा है। यह आयोजन श्रीराम मंदिर, अपना घर आश्रम, अलवर में हो रहा है। रोजाना शाम को भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भक्तगणों की अपार भीड़ देखने को मिल रही है।

## भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने बहरोड़ में विकास कार्यों को दी गति

### नंगली-बलाहिर में पशु उपकेंद्र, विद्यालय कार्यक्रम व श्मशान घाट चारदीवारी का उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** मंगलवार को बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न विकासात्मक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने सहभागिता निभाते हुए पशुपालन, शिक्षा एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। विधानसभा क्षेत्र के नंगली गांव में 19.68 लाख की लागत से निर्मित पशु उपकेंद्र भवन का उद्घाटन करते हुए डॉ. मोहित जसवंत यादव ने कहा कि गांव स्तर पर पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे समय पर पशु चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। उन्होंने डबल इंजन सरकार के माध्यम से बहरोड़ एवं प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की भी सराहना की। इसके उपरांत डॉ. मोहित जसवंत यादव नंगली-बलाहिर स्थित शहीद विनोद कुमार राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर गांव के समग्र विकास के लिए विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव की अनुशंसा पर विधायक कोष से 10 लाख की घोषणा की गई, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। इसी क्रम में बलाहिर गांव में 5 लाख की लागत से निर्मित श्मशान घाट की चारदीवारी का औपचारिक उद्घाटन कर आमजन को समर्पित किया गया। डॉ. मोहित जसवंत यादव ने कहा कि शिक्षा, पशुपालन और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और गांवों की आधारभूत संरचना सुदृढ़ होगी। कार्यक्रमों में राजू सिंह चौहान (मंडल अध्यक्ष, मांढण), मनोज यादव (जिला पार्षद), वेदप्रकाश पार्षद, झाबर सिंह पार्षद, राजबाला सरपंच, पूरण भगत (सरपंच प्रतिनिधि), सिकंदर उपप्रधान, हरिश (पूर्व सरपंच), सुभाष यादव (मंडल महामंत्री) सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## ग्राम उत्थान शिविरों से आमजन को मिला योजनाओं का लाभ

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक गिरदावर सर्किल (ILR) पर आयोजित एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविरों के अंतर्गत जिले में कुल 34 शिविरों का सफल आयोजन किया गया। शिविरों में 34,086 पुरुष एवं 13,872 महिलाएं सहित कुल 47,958 ग्रामीणों ने भाग लिया, जबकि समस्त श्रेणियों को मिलाकर कुल उपस्थिति 72,139 रही। शिविरों के दौरान कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, जिसमें 18,338 किसानों को तारबंदी, 19,050 को पाइपलाइन, 13,387 को फार्म पौण्ड, 15,292 को बैलों से खेती योजना, 25,870 को फसल बीमा, 26,555 को MSP तथा 26,814 किसानों को कृषि योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। इसके साथ ही 1,590 सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए तथा 7,977 मिनी किट और 5,666 बीज वितरण का सत्यापन किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा शिविरों में 17,058 किसानों को फव्वारा संयंत्र, 17,031 को ड्रिप सिंचाई, 16,921 को प्लास्टिक मल्च तथा 17,565 किसानों को सौर पंप योजनाओं की जानकारी दी गई, जबकि 26,620 ग्रामीणों को उद्यानिकी योजनाओं से अवगत कराया गया। इस दौरान 272 सोलर पंप आवेदन तैयार किए गए तथा 36 ग्राम पंचायतों के लिए पॉलीहाउस आवेदन भी किए गए। सहकारिता विभाग द्वारा 432 किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन प्राप्त किए गए तथा 975 लोगों को सहकारिता सदस्यता अभियान के अंतर्गत जोड़ा गया। शिविरों में 7,595 ग्रामीणों को सहकारी ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई, जबकि 100, 250 एवं 500 मीट्रिक टन क्षमता के कुल 27 नवीन गोदामों के लिए आवेदन तैयार किए गए। इसके अतिरिक्त 34 स्वयं सहायता समूहों के ऋण आवेदन एवं 12 नए कस्टम हायरिंग सेंटरों के लिए आवेदन किए गए। पशुपालन विभाग द्वारा 1,626 पशुपालकों का मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में पंजीकरण किया गया तथा 9,204 पशुओं को प्राथमिक चिकित्सा एवं कृमिनाशक औषधि प्रदान की गई। इसके साथ ही 1,800 पशुओं का स्वाइन फीवर टीकाकरण, 170 कृत्रिम गर्भाधान, 563 फर्टिलिटी किट वितरण, 10,613 पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी तथा 3,251 लोगों को गौशाला विकास योजना से अवगत कराया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 21,543 ग्रामीणों तक VB-GRAM-G अभियान का प्रचार-प्रसार किया गया तथा 1,184 लाभार्थियों का दीनदयाल उपाध्याय योजना अंतर्गत सर्वे पूर्ण किया गया। ऊर्जा विभाग द्वारा 492 पीएम सूर्यघर पंजीकरण, उद्योग विभाग द्वारा 339 युवा स्वरोजगार आवेदन, तथा राजस्व विभाग द्वारा 651 Farmer Registry पंजीकरण एवं 67 खसरा विभाजन आवेदन प्राप्त किए गए। जल संसाधन विभाग द्वारा 4,366 ग्रामीणों को वंदे गंगा संरक्षण अभियान की जानकारी दी गई, जबकि पंचायती राज विभाग द्वारा 38 स्वामित्व कार्ड वितरित कर 18 नवीन ग्राम पंचायत कार्यालयों का संचालन प्रारंभ किया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि ल्ज्ञ्रू उत्थान शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया गया तथा मौके पर ही समस्याओं का समाधान कर ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ा गया।

## जनकल्याण से जुड़े तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का एक दिवसीय संयुक्त आयोजन 22 को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय डॉ. गोपाल राय चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट, अलवर द्वारा रविवार, 22 फरवरी को जनकल्याण से जुड़े तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का एक दिवसीय संयुक्त आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, तथा फर्स्ट एड एवं सीपीआर (CPR) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन सेठ माखन लाल महावर चैरिटेबल ब्लड बैंक, आयकर भवन के पास, मोती डूंगरी, अलवर में प्रातः 9:30 बजे से सायं 04 बजे तक संपन्न होगा। रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद रोगियों के लिए समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। रक्तदान एक ऐसा महादान है, जिससे किसी दुर्घटनाग्रस्त, गंभीर रोग से पीड़ित अथवा ऑपरेशन से गुजर रहे व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। ट्रस्ट का मानना है कि यदि प्रत्येक स्वस्थ नागरिक समय-समय पर रक्तदान करे, तो रक्त की कमी से होने वाली समस्याओं को काफी हद तक समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से 6 तक के बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा, कल्पनाशक्ति एवं अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को कला के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच का विकास किया जाएगा, जो उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

इसके साथ ही आम नागरिकों के लिए फर्स्ट एड एवं सीपीआर (बेसिक लाइफ सपोर्ट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अचानक दुर्घटना, हार्ट अटैक या किसी भी आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार और सीपीआर की सही जानकारी कई बार किसी की जान बचा सकती है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समाज में ऐसे जागरूक नागरिक तैयार करना है, जो संकट की घड़ी में बिना घबराए सही और त्वरित सहायता प्रदान कर सकें।

डॉ. गोपाल राय चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि वे इस जनसेवी आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर मानवता, कला और जीवन रक्षा से जुड़े इन प्रयासों को सफल बनाएं।

## जयपुर से लापता दो जापानी पर्यटक सुरक्षित जापान पहुंचे, जयपुर पुलिस ने किया खुलासा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)** राजधानी जयपुर में गढ़ 7 फरवरी को दो जापानी पर्यटकों के लापता होने की सूचना पर जयपुर पुलिस हरकत में आई थी जयपुर पुलिस ने टैक्सी चालक की रिपोर्ट के आधार पर दोनों जापानी पर्यटकों की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला कि दोनों जापानी पर्यटक 2 दिन जयपुर में विश्राम करने के बाद उनका रणथंबोर आगरा होते हुए दिल्ली जाने का प्लान था इसलिए जयपुर पुलिस ने इसको आधार बनाकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की इसके अलावा पुलिस ने अन्य तरीकों से भी दोनों पर्यटकों की तलाश शुरू की टैक्सी चालक ने पुलिस को बताया कि टूरिस्ट वीजा पर यह पर्यटक दिल्ली से टैक्सी से जयपुर आए थे और फिर ब्रह्मपुरी थाना इलाके में 7 फरवरी को एक रेस्टोरेंट में खाना खाने चले गए वह रेस्टोरेंट के बाहर खड़ा रहा और पूरी रात पर्यटकों के आने का इंतजार करता रहा लेकिन पर्यटक नहीं आए इसके बाद 8 फरवरी को उसने अशोक नगर पुलिस स्टेशन में पर्यटकों के नहीं मिलने के बारे में जानकारी दी हालांकि दोनों पर्यटकों का टैक्सी में एक बैग भी छूट गया था पुलिस ने जापानी पर्यटकों के बैग को भी अपने कब्जे में किया पुलिस ने उस रेस्टोरेंट जिसमें दोनों पर्यटकों ने भोजन किया था उसके मालिक और कर्मचारियों से पूछताछ की तथा वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे की भी जांच पड़ताल की जिसमें दोनों पर्यटकों के रेस्टोरेंट से बाहर निकालने का फीचर नजर आया पुलिस ने अपनी जांच को तेजी से आगे बढ़ते हुए रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट और विभिन्न बस अड्डे पर भी जांच पड़ताल की सीसीटीवी कैमरे देखें स्पीच जयपुर पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन को भी दोनों जापानी पर्यटकों के बारे में जानकारी शेयर की जिसमें दोनों जापानी पर्यटकों के 8 फरवरी को ही जापान पहुंच जाने की बात सामने आई दोनों पर्यटक दिल्ली से टोक्यो के लिए 8 फरवरी को फ्लाइट से चले गए थे इसके बाद मंगलवार को पुलिस ने आधिकारिक रूप से दोनों जापानी पर्यटकों के सुरक्षित जापान पहुंचने का खुलासा किया।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
11 फरवरी, 2026

# प्रदेश के गांव चले विकास की राह, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहे ऐतिहासिक कार्य- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बीकानेर जिले में लूणकरणसर के ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया और ग्रामीणों को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगातें दी। पनपालसर में 33/11 केवी जीएसएस के लोकार्पण के दौरान श्री गोदारा ने कहा कि लूणकरणसर विद्युत के क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है। दर्जनों जीएसएस का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जल्दी ही यह सभी जीएसएस, क्षेत्रवासियों को समर्पित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लूणकरणसर कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां के सभी किसानों को चौबीस घंटे विद्युत आपूर्ति हो, इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। अनेक स्थानों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगा दिए गए हैं। अन्य स्थानों पर यह कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने शेरेरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 36 लाख रुपए से निर्मित तीन कक्षा कक्षों, 67.50 लाख की लागत की लैब, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा एवं अन्य स्टाफ के लिए 45 लाख रुपये लागत से बनने वाले तीन कमरों का शिलान्यास किया। सभी कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव-गांव आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। जिसका लाभ आमजन को मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। खाद्य मंत्री ने हेमेरा में 10 लाख रुपए से तैयार सीसी ब्लॉक कार्यों, सार्वजनिक श्मशान भूमि के 10 लाख रुपयों के विकास कार्यों, वार्ड नंबर 6 में 10 लाख 20 हजार रुपये से सामुदायिक भवन से चोखाराम मूंड के घर की ओर सीसी ब्लॉक सड़क मय चैक निर्माण कार्यों, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 3 लाख रुपये से शौचालय, राजकीय पशु चिकित्सालय में 10 लाख रुपये की लागत से निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों, ट्यूबवेल का लोकार्पण तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 48 लाख रुपये में निर्मित चार कक्षा कक्षों का शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार एक ग्राम पंचायत में इतने कार्य हो रहे हैं। यह सरकार के विजन का परिणाम है। प्रत्येक क्षेत्र में समस्त आधारभूत सुविधाएं हों, यह सरकार की प्राथमिकता है। आज मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के गांव-गांव विकास की राह पर चल पड़े हैं। उन्होंने कहा कि विकास का यह क्रम अब रुकने वाला नहीं है। श्री गोदारा दोपहर 2 बजे रुपेरा-पुरेरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 8 लाख रुपये की लागत से बनने वाले कक्षा कक्ष का शिलान्यास, 5 लाख रुपये लागत से बनने वाले सार्वजनिक बस स्टैंड का शिलान्यास किया। इसके पश्चात् भोजेरा में 33/11 जीएसएस, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 10 लाख की लागत से तैयार टीन शेड एवं स्टेज निर्माण कार्य, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 10 लाख रुपये की लागत से चारदीवारी ऊपर उठाना व मुख्य गेट एवं अन्य विकास कार्यों, 3 लाख रुपये में शौचालय, सार्वजनिक सामुदायिक भवन के पास 10 लाख रुपये से टीन शेड निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों, 7 लाख रुपए विधायक निधि से सामुदायिक भवन की अधूरी चारदीवारी का निर्माण कार्य व मुख्य गेट, सार्वजनिक श्मशान भूमि में 6 लाख से तैयार से टीन शेड का निर्माण कार्यों, ट्यूबवेल का लोकार्पण करेंगे। राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 24 लाख रुपये से बनने वाले दो कक्षा कक्षों सहित दर्जनों कार्य क्षेत्र को समर्पित किए। यहां ग्रामीणों से बातचीत करते हुए गोदारा ने कहा कि सरकार किसी प्रकार की कमी नहीं आने देगी। स्कूलों से लेकर अस्पतालों और आंगनबाड़ी केन्द्रों से लेकर कॉलेजों तक सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सरकार अनेक योजनाएं लाई हैं। अंत्योदय की भावना से संचालित इन योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को मिले, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने खारड़ा में 55 लाख रुपए की लागत से बनने वाने उप स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास तथा ट्यूबवेल का लोकार्पण किया। ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

## झालाना डूंगरी में भारी मात्रा में नकली पनीर बरामद, मिल्क पाउडर और सोयाबीन के तेल से बनाया जा रहा था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में झालाना डूंगरी में शर्मा पनीर भंडार पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर खाद्य और रसद विभाग की टीमों ने मौके पर भारी मात्रा में नकली पनीर बरामद की है खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने पनीर के सैंपल जांच के लिए लैबोरेट्री भिजवा दिए गए हैं प्रारंभिक जांच पड़ताल में सामने आया है कि बरामद किया गया नकली पनीर मिल्क पाउडर और सोयाबीन के तेल से तैयार किया जा रहा था खाद्य और नागरिक विभाग की टीम शर्मा पनीर भंडार के संचालक और यहां काम करने वाले कर्मचारियों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है मौके पर ऐसे संकेत मिले हैं जिनके आधार पर यहां नकली पनीर तैयार किया जा रहा था जिसमें मिल्क पाउडर के पैकेट और सोयाबीन तेल भी यहां पर बरामद किया गया है जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से प्रदेश का खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग नकली खाद्य पदार्थ बनाने वाले लोगों के खिलाफ प्रभावी तौर पर कार्यवाही कर रहा है यह कार्रवाई राजधानी जयपुर में भी लगातार रोजाना किसी ने किसी इलाके में की जा रही है जहां पर कहीं पर नकली घी नकली दूध और मंगलवार को जिस तरह से झालाना डूंगरी स्थित एक बड़े पनीर भंडार पर नकली पनीर बरामद किया गया उससे यह तो साफ जाहिर होता है कि सरकार प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों के लाख कोशिश के बावजूद भी नकली खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं इसलिए जानकारी लोगों का कहना है कि जब तक नकली खाद्य पदार्थ बनाने वाले लोगों के खिलाफ कोई कड़ा कानून नहीं बनाया जाएगा कड़ी से कड़ी सजा ऐसे लोगों को नहीं मिलेगी तब तक उनकी गतिविधियों पर ठीक तरह से अंकुश नहीं लग पाएगा हालांकि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने नकली खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया भी है और प्रदेश भर में छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर आए दिन नकली खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले अड्डों का खुलासा भी किया जा रहा है लेकिन लोगों का कहना है कि सरकार को अब इस मामले में और भी कठोर कानून बनाने की जरूरत है ।

## रिश्वतखोर सिपाही को चाय की दुकान पर एसीबी ने रिश्वत लेते पकड़ा, झूठे मामले में फसाने की दे रहा था धमकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** एसीबी की टीम ने मंगलवार को प्रदेश के कोटा में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए गुमानपुरा थाने में पोस्टेड एक सिपाही को चाय की दुकान पर परिवादी से रिश्वत लेते भी है रंगे हाथों पकड़ा है गिरफ्तार अभियुक्त सिपाही जीतराम है जो गुमानपुरा थाने में पोस्टेड है जिसने परिवादी को एक झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी इस मामले में उसने परिवादी से 5000 इंतजार रुपए की रिश्वत पहले ले ली थी और वह 3000 रुपए की रिश्वत और मांग रहा था जिसकी शिकायत परिवादी ने ऐसी भी कार्यालय में परिवादी ने एसीबी कार्यालय में दर्ज करवाई एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एसीबी ने आरोपी कांस्टेबल जीतराम को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत परिवादी कांस्टेबल के बताए अनुसार चाय की दुकान पर बैठे जीतराम को रिश्वत के 3000 रुपए देने लगा वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ जीतराम को मौके पर ही पकड़ लिया जीतराम के पकड़े जाने के बाद गुमानपुरा थाने में नियुक्त अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई ।

## प्रदेश में सुदृढ़ होंगी अंगदान एवं प्रत्यारोपण की प्रक्रियाएं, लाइव पोर्टल से जुड़ेंगे सभी अस्पताल, विजिलेंस सिस्टम भी होगा मजबूत




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण सेवाओं को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के लिए प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन संचालित किया जाएगा। इसके लिए नव विकसित लाइव पोर्टल जल्द शुरू किया जाएगा। अंगदान एवं प्रत्यारोपण करने वाले सभी अस्पतालों को इस पोर्टल से जोड़ा जाएगा, ताकि अंगदान एवं प्रत्यारोपण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे और सभी जानकारियां इस पर उपलब्ध हों। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने स्वास्थ्य भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण जीवन रक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। प्रदेश में इससे जुड़ी सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मानक प्रक्रियाओं को पूरी तरह ऑनलाइन करने के साथ ही विजिलेंस सिस्टम को सुदृढ़ बनाया जाएगा। राठौड़ ने कहा कि अंगदान एवं प्रत्यारोपण के कार्यों के लिए निदेशालय स्तर पर गठित प्रकोष्ठ को और सुदृढ़ किया जाएगा। यह प्रकोष्ठ नियमित रूप से अस्पतालों का निरीक्षण करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सभी अस्पतालों में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की प्रक्रियाएं एसओपी के अनुरूप हों और उन अस्पतालों में इन कार्यों के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हो। साथ ही,सभी महत्वपूर्ण जानकारियां पोर्टल पर अपडेट हों। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए मेडिकल कॉलेज से लेकर ट्रोमा सेंटर एवं सीएचसी स्तर तक स्वास्थ्यकर्मियों एवं एम्बुलेंसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाए। साथ ही, आमजन एवं स्वास्थ्यकर्मियों में इस पुनीत कार्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों से कहा कि वे जनसमस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। जनसुनवाई, सम्पर्क पोर्टल, 181 हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री कार्यालय या अन्य माध्यमों से प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही, शिकायतकर्ता से बात कर समस्या समाधान का फीडबैक भी प्राप्त करें। उन्होंने ग्रिवांस रिडरेसल सिस्टम को मजबूत बनाने और इसके लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाने पर भी बल दिया। राठौड़ ने कहा कि अधिकारी स्वयं के स्टाफ की समस्याओं का भी समय पर निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान करें। कार्यालय परिसर में साफ–सफाई, रंग–रोगन एवं नियमित मेंटीनेंस के कार्यों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कार्मिक बेहतर सर्विस डिलीवरी पर फोकस करते हुए आमजन को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पूरा लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव, अतिरिक्त मिशन निदेशक डॉ. टी. शुभमंगला, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. निधि पटेल, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त नरेश गोयल, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पुरानी घोषणाएं धूल फांक रहीं, आज को फिर होगी जुमलों की बौछारः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में आज पेश होने वाले राज्य बजट से पूर्व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला है। एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए जूली ने सरकार के पिछले वादों का रियलिटी चेक किया और वर्तमान शासन को विकास विरोधी व हेडलाइन प्रेमी करार दिया। जूली ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछली घोषणाओं में 26 प्रतिशत घोषणाओं को तो अब तक हाथ तक नहीं लगाया है । नेता प्रतिपक्ष ने ठोस आंकड़ों के साथ सरकार को घेरते हुए बताया कि विज्ञापन और दावों के शोर के बीच धरातल पूरी तरह खाली है जूली ने सवाल उठाया जब पिछली घोषणाओं का धरातल पर अस्तित्व ही नहीं है, तो नए बजट का क्या औचित्य? यह बजट प्रदेश के विकास का दस्तावेज नहीं बल्कि भाजपा की विफलता को छिपाने का आंकड़ों वाला पर्दा होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने 2717 घोषणा की जिसमें 754 घोषणाएं ही पूरी हो पाई सरकार की प्रशासनिक सुस्ती पर प्रहार करते हुए जूली ने उदाहरण दिया कि जयपुर के सिविल लाइन्स का फ्लाईओवर आज भी अधूरा है, जबकि इसी मार्ग से मुख्यमंत्री का काफिला प्रतिदिन गुजरता है। जो सरकार अपनी आंखों के सामने चल रहे प्रोजेक्ट्स पूरे नहीं करा सकती वह प्रदेश के दूर-दराज के इलाकों में विकास क्या खाक करेगी? सहकार मार्ग फ्लाईओवर की घोषणा तो केवल कागजी पुल बनकर रह गई है । दिसंबर 2024 की डेडलाइन को बढ़ाकर अगस्त 2025 किया गया लेकिन आज फरवरी 2026 तक भी लोकार्पण का कोई अता-पता नहीं है। 2024 में प्रदेश को 1000 इलेक्ट्रिक बसें देने का वादा किया गया था। दो साल बीत गए, लेकिन सड़कों पर एक भी नई बस नहीं उतरी। जनता आज भी धुआं उगलती खटारा बसों में सफर को मजबूर है द्य नेता प्रतिपक्ष ने आगाह किया कि कल पेश होने वाला बजट भी लुभावने जुमलों और झूठी उम्मीदों का अंबार होगा। सरकार अपनी परफॉरमेंस रिपोर्ट (जो कि शून्य है) को छिपाने के लिए फिर से भारी-भरकम शब्दजाल बुनेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्थान की जागरूक जनता अब इन छलावों में आने वाली नहीं है और सरकार से पिछले दो वर्षों का हिसाब मांग रही है।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री हेमसिंह भड़ाना को श्रद्धांजलि देने बघेरी पहुंचे राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ मंगलवार को गुर्जर समाज के प्रभावशाली नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय हेमसिंह भड़ाना के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने खैरथल-तिजारा स्थित उनके पैतृक गांव किशनगढ़ तहसील के बघेरी पहुंचे। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने उनके निवास स्थान पर दिवंगत नेता की तस्वीर पर पुष्प माला चढ़ाकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने स्वर्गीय हेमसिंह भड़ाना के निधन को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि भड़ाना ने अपने सार्वजनिक जीवन में समाज के हर वर्ग के हितों के लिए कार्य किया और गुर्जर समाज के साथ-साथ पूरे प्रदेश में अपनी सशक्त पहचान बनाई। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि स्वर्गीय हेमसिंह भड़ाना सरल व्यक्तित्व, स्पष्ट विचारों और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से राजनीतिक गलियारों सहित समाज में शोक की लहर है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान हो तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति मिले।



## राजस्थान में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से 1.22 लाख परिवार लाभान्वितः मदन राठौड़

### राजस्थान में 823 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित, देश में शीर्ष 5 राज्यों में शामिल हुआ राजस्थान

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम-सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राजस्थान में अब तक ऐतिहासिक प्रगति हुई है। 31 दिसंबर 2025 तक राज्य में 1 लाख 19 हजार से अधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे 1 लाख 22 हजार से अधिक परिवारों को सीधा लाभ मिला है। राठौड़ ने बताया कि इस योजना के तहत राजस्थान में अब तक 823.12 करोड़ रुपए की केंद्रीय वित्तीय सहायता (सब्सिडी) वितरित की जा चुकी है। यह योजना आमजन को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। राठौड़ के सवाल के जवाब में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने सदन को यह जानकारी दी। राठौड़ ने बताया कि राजस्थान रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने में देश के टॉप 5 राज्यों में शामिल है। गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, केरल के बाद राजस्थान में सर्वाधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए गए है। राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना के तहत पीएम-सूर्य घर योजना में 1.1 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता का सोलर सिस्टम लगाने वाले परिवारों को प्रति माह 150 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का प्रावधान किया गया है, इससे आम उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य के करीब आ रहा है। राठौड़ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और राजस्थान इस दिशा में अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने आम नागरिकों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि सोलर ऊर्जा न केवल आर्थिक राहत देती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ भविष्य भी सुनिश्चित करती है। राठौड़ ने बताया कि योजना के शुरू किए जाने के बाद देश में कुल 20 लाख 85 हजार 514 रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए गए है, जिससे 31 दिसंबर 2025 तक 26 लाख 14 हजार 446 परिवारों को केंद्रीय वित्तीय सहायता के रूप में वितरित 14771 करोड़ रुपए से लाभ हुआ है।

## इंडियन रेलवे में उत्तर पश्चिम रेलवे का टिकट चेकिंग में ऐतिहासिक प्रदर्शन, रेलवे की इनकम में हुई बढ़ोतरी

### वर्ष 2025-26 में पिछले उच्चतम आंकडे को 50 दिन पहले किया प्राप्त

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2025-26 में टिकट चेकिंग में अब तक का उच्चतम राजस्व प्राप्त किया है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन पिछले सभी रिकॉर्डों को पार कर गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे नें टिकट चेकिंग में इस वित्त वर्ष 2025-26 में दिनांक 9.2.2026 तक टिकट चेकिंग से 63.50 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त किया है जोकि पिछले वर्ष इस अवधि में प्राप्त टिकट चेकिंग राजस्व की तुलना में 27.01 प्रतिशत अधिक है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन पिछले सभी रिकॉर्डों को पार कर गया है। 63.50 करोड़ रूपए का यह राजस्व उत्तर पश्चिम रेलवे के पिछले उच्चतम वार्षिक राजस्व 63.22 करोड़ रूपए (वित्त वर्ष 2023-24) के आंकडे को 50 दिन पहले पार कर चुका है। उत्तर पश्चिम रेलवे उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्ध है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा की रोकथाम के लिए टिकट चेकिंग अभियान के साथ यात्रियों को जागरूक करने का प्रयास भी किया जा रहा है। टिकट चेकिंग के लिए विशेष योजना बनाई जाती है। इसके लिए विभिन्न रेलखण्डों में टिकटों की बिक्री, फील्ड स्टॉफ के फीडबैक तथा रेल मदद पोर्टल की समीक्षा कर टिकट चैकिंग की योजना बनाई जाती है। इस योजनाबद्ध टिकट चैकिंग से ना सिर्फ रेल राजस्व में वृद्धि हो रही है, बल्कि यात्रियों की शिकायतों में कमी और रेल उपयोगकर्त्ताओं की संतुष्टि में भी वृद्धि हो रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर टिकट चैकिंग को एक जागरूकता अभियान के रूप में लिया जाता है जिसमें रेल वन एप जैसे डिजीटल माध्यम से बिना किसी व्यवधान के टिकट लेने के लिए यात्रियों को प्रेरित भी किया जाता है। इस जागरूकता अभियान के फलस्वरूप ऑनलाइन टिकट बुकिंग में वृद्धि हो रही है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे डिजीटल माध्यम से उचित टिकट लेकर निर्धारित स्थान पर बैठकर रेल यात्रा का आनन्द ले।

## दुल्हन ही सबसे बड़ा दहेज': मण्डावा में दूल्हे के पिता ने लौटाया 1.01 करोड़ का मायरा, समाज को दी नई राह

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** जहां आज भी दहेज के नाम पर बेटियों और बहुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, वहीं मण्डावा क्षेत्र में एक विवाह समारोह ने समाज के सामने मिसाल पेश कर दी। यहां वर पक्ष ने दुल्हन पक्ष से सिर्फ एक रुपया और नारियल स्वीकार कर करोड़ों के दहेज को ससम्मान लौटा दिया और यह संदेश दिया कि दुल्हन से बड़ा कोई दहेज नहीं होता। शादी समारोह के दौरान वधू पक्ष की ओर से परंपरा अनुसार उपहार स्वरूप करीब 1 करोड़ 1 लाख 51 हजार रुपए मूल्य की अचल संपत्ति, नकद राशि और कीमती सामान प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर दूल्हे के पिता राम सिंह तेतरवाल ने ऐसा फैसला लिया, जिसने समारोह में मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया। उन्होंने पूरे सम्मान के साथ समस्त दहेज लौटाते हुए कहा, हमें धन नहीं, बेटी चाहिए। राम सिंह तेतरवाल ने न तो नकद राशि स्वीकार की और न ही कोई कीमती वस्तु। उन्होंने परंपरा निभाने के लिए मात्र एक रुपया और नारियल लेकर विवाह संपन्न कराया। यह दृश्य देखकर दोनों परिवारों के साथ-साथ रिश्तेदारों और ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।

**नई परंपरा की मिसाल बना विवाहः**
उल्लेखनीय है कि यह विवाह राम सिंह तेतरवाल एवं डाबड़ी स्कूल की प्रधानाचार्य ललिता तेतरवाल के पुत्र हर्षित तेतरवाल का था। वधू पक्ष की ओर से मायरा तेतरा निवासी हेतमसर स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश रणवा और बीएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट BSF अधिकारी राकेश रणवा ने भरा। इस समारोह में रणवा परिवार की ओर से एक और स्वस्थ परंपरा की शुरुआत की गई, जिसमें कंबल, बेस, चुनरी सहित किसी भी प्रकार के लेनदेन को पूरी तरह बंद रखा गया।

**समाज ने पहले ही ली थी शपथः**
सूबेदार हरिनारायण रणवा ने बताया कि रणवा समाज की जन्मस्थली सामी में हुए एक सम्मेलन में समाज ने ऐसी कुप्रथाओं को समाप्त करने की शपथ ली थी। उसी निर्णय का पालन करते हुए यह विवाह बिना किसी दहेज के संपन्न कराया गया। दूल्हे के दादाजी नागरमल तेतरवाल ने भी स्पष्ट किया कि उन्होंने भी यह संकल्प लिया है कि वधू पक्ष से किसी प्रकार का दहेज स्वीकार नहीं किया जाएगा और केवल नारियल के शगुन के साथ विवाह कराया जाएगा।

**हजारों लोग बने साक्षीः**
इस प्रेरक आयोजन के साक्षी बने प्यारेलाल ढूकिया, गिरधारी लाल रणवा, दयानंद ढूकिया, लालचंद ढूकिया, रणजीत ढूकिया, जगमाल बलारा सहित तेतरा व आसपास के गांवों से करीब 1300 से अधिक लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्यारेलाल ढूकिया ने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए हर परिवार को इस परंपरा को अपनाना चाहिए। यह विवाह केवल दो परिवारों का नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक मजबूत संदेश बनकर उभरा–जहां संस्कार हों, वहां दहेज की कोई जगह नहीं होती।

## राजनीतिक दलों द्वारा एसआईआर का विरोध वोट बैंक की मजबूरी दर्शाता है



अरविंद रावल

पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) किया जा रहा है। यह कार्य विशेष रूप से विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पूर्व किया जाना चाहिए, ताकि मतदाता सूची की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर कोई प्रश्नचिह्न न लगे । यह भी सत्य है कि वर्ष 2003 के बाद देश के अधिकांश राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण नहीं हुआ, जिसके कारण अवैध बांग्लादेशी, पाकिस्तानी और रोहिंग्या घुसपैठियों को स्थानीय राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक लापरवाही के चलते आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और राशन कार्ड जैसे दस्तावेज प्राप्त हो गए । इन दस्तावेजों के आधार पर वे वर्षों से केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते रहे ।

केरल में जनसंख्या से अधिक आधार कार्ड पाए जाने का मामला सामने आने के बाद ही निर्वाचन आयोग की चिंता गंभीर हुई । इसके बाद कई राज्यों और जिलों में भी ऐसे ही मामले उजागर हुए, जिससे यह आशंका गहराई कि कहीं अवैध घुसपैठिए भारतीय मतदाता बनकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को प्रभावित तो नहीं कर रहे हैं । मतदाता सूचियों के परीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि बड़ी संख्या में अवैध घुसपैठियों के नाम मतदाता के रूप में दर्ज हैं । इसी कारण बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, तमाम राजनीतिक विरोधों के बावजूद और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से, एसआईआर प्रक्रिया आरंभ की गई । इसके परिणामस्वरूप बिहार में लगभग 65 लाख मतदाता आवश्यक नागरिकता दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने के कारण सूची से बाहर हुए । इसके बाद अन्य 12 राज्यों में भी यही स्थिति देखने को मिली, जहाँ लाखों नाम हटाए गए ।

यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि सूची से हटाए गए सभी व्यक्ति अवैध घुसपैठिए नहीं हैं । निर्वाचन आयोग ने सभी को भारतीय नागरिकता सिद्ध करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए जा रहे हे । इसके बाद भी जो व्यक्ति दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए, वे जांच के दायरे में आएंगे और जो घुसपैठिए पाए जाएंगे, उन्हें देश से बाहर किया जाना चाहिए जिस पर किसी भी राजनीतिक दल को आपत्ति नहीं होनी चाहिए । ऐसे में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करना और इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देना कई सवाल खड़े करता है । पश्चिम बंगाल की लंबी सीमा बांग्लादेश से लगती है और यह सर्वविदित है कि बड़ी संख्या में अवैध घुसपैठिए वहां प्रवेश करते हैं । स्थानीय राजनीतिक संरक्षण के चलते वे आसानी से भारतीय दस्तावेज बनवा लेते हैं और मतदाता सूची में नाम जुड़वा कर वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं ।

यदि एसआईआर के माध्यम से ऐसे नाम सूची से हटते हैं तो इसमें आपत्ति क्यों ? यदि मुख्यमंत्री अपने विकास कार्यों और ईमानदारी के बल पर सत्ता में हैं, तो उन्हें इस प्रक्रिया से डरने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए । अवैध घुसपैठियों के प्रति सहानुभूति दिखाकर एसआईआर का विरोध करना बंगाल की जनता के साथ छल है और राष्ट्रहित के साथ भी समझौता है । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण का सभी राजनीतिक दलों को स्वागत करना चाहिए और बूथ स्तर तक सहयोग करना चाहिए । यह समझना होगा कि एसआईआर किसी सरकार के पक्ष या विपक्ष में नहीं, बल्कि राष्ट्र और लोकतंत्र के पक्ष में है । यदि प्रक्रिया में कोई खामी है, तो उसका समाधान संवाद और सुधार से निकाला जा सकता है । लेकिन केवल इसलिए विरोध करना कि इससे वोट बैंक दरक सकता है यह न केवल लोकतंत्र से विश्वासघात है, बल्कि राष्ट्रहित के विरुद्ध भी है ।

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कोई नई या असंवैधानिक प्रक्रिया नहीं है । यह भारत निर्वाचन आयोग का वैधानिक दायित्व है, जिसे हर चुनाव से पहले पूरा किया जाना चाहिए, ताकि लोकतंत्र की बुनियाद मतदाता सूची संदेह से परे रहे । इसके बावजूद जब राजनीतिक दल, विशेषकर पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, इस प्रक्रिया का मुखर विरोध करती है, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर डर किस बात का है ? आज का भारतीय मतदाता जागरूक है वह जाति, धनबल या बाहुबल से नहीं, बल्कि विकास, सुरक्षा और सुशासन के आधार पर निर्णय करता है और वह यह भी जानता है कि मतदाता सूची की शुद्धता ही निष्पक्ष चुनाव की गारंटी है । जो दल इस बुनियादी सुधार का विरोध करेंगे, जनता उन्हें यह संदेश देगी कि लोकतंत्र की सफाई से भागने वालों के लिए सत्ता में कोई जगह नहीं हे । इक्कीसवीं सदी का नया भारत और उसका मतदाता उन्हीं दलों और नेताओं का समर्थन करेगा, जो भारत को एक विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

# फिर दोराहे पर खड़ा बांग्लादेश

*ढाका पहुंचने पर तारिक रहमान ने कहा, 'आइ हैव ए प्लान यानी मेरे पास बांग्लादेश के विकास की योजना है।' इसी आधार पर पार्टी ने अपने घोषणा पत्र सबसे पहले राष्ट्रीय बदलाव, सामाजिक समानता, आर्थिक स्थिरता, क्षेत्रीय विकास और धार्मिक सौहार्द जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी है। बांग्लादेश के चुनावी इतिहास में मुद्दों से अधिक पार्टी और नेतृत्व का प्रभाव रहा है और तारिक रहमान ने पिछले डेढ़ वर्षों में इसी दिशा में काम किया है। विदेश में रहते हुए भी वे आनलाइन माध्यम से पार्टी से जुड़े रहे। चुनावी गणित के लिहाज से बीएनपी इस समय एक मजबूत पार्टी मानी जा रही है, जिसे अवामी लीग की अनुपस्थिति का भी लाभ मिल सकता है। हालांकि बीएनपी मजहबी ध्रुवीकरण से बचते हुए अल्पसंख्यक और अवामी लीग समर्थक वोटों को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है। जमात-ए-इस्लामी पहली बार खुलकर नेतृत्व की राजनीति में सामने आई है। 1971 के मुक्ति आंदोलन में पाकिस्तान का साथ देने के कारण यह संगठन लंबे समय तक विवादों में रहा। शेख हसीना के दो दशकों के शासन में इसके कई नेता जेल में रहे या भूमिगत हो गए थे, लेकिन उनकी सरकार के पतन के बाद जमात फिर सक्रिय हुई और उसका नेतृत्व सामने आया, जिसमें प्रमुख अमीर शफीकुर रहमान शामिल हैं। अवामी लीग की अनुपस्थिति ने जमात को अलग राजनीतिक पहचान दी है*



बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने जा रहे आम चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी कमर कस चुके हैं। चुनावी परिणाम ही नए बांग्लादेश की दिशा निर्धारित करेंगे। इस बार अवामी लीग प्रतिबंध के कारण चुनाव से बाहर है, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना फिर भी चुनावी विमर्श का प्रमुख मुद्दा बनी हुई हैं। पिछले तीन दशकों में यह पहला अवसर है, जब बांग्लादेश की 'दो बेगमों'- अवामी लीग की शेख हसीना और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की खालिदा जिया चुनावी मैदान में नहीं हैं।

ऐसे में यह चुनाव नए राजनीतिक समीकरणों के बीच लड़ा जा रहा है। 13वें संसदीय चुनाव में युवाओं की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि 2024 में जुलाई में शेख हसीना के खिलाफ हुए आंदोलन और उनके इस्तीफे में यही वर्ग सबसे आगे रहा। वर्तमान में 18-35 आयु वर्ग की आबादी लगभग 30 प्रतिशत है, जो आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया से लैस है और जुलाई आंदोलन का प्रमुख प्रतिनिधि मानी जाती है। सवाल यह है कि क्या यह युवा वर्ग छात्र आंदोलन से उभरी जातीय नागरिक पार्टी यानी नेशनल सिटिजंस पार्टी (एनसीपी) को समर्थन देगा या पारंपरिक दल अपने प्रशासनिक अनुभव और संगठनात्मक मजबूती के बल पर फिर सत्ता में लौटेंगे?

लंदन में 17 वर्षों के निर्वासन के बाद खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान ने बीएनपी की कमान संभाली है। पिछले साल 25 दिसंबर को उनकी बांग्लादेश वापसी के दौरान उमड़ी भीड़ से स्पष्ट हुआ कि 2024 के आंदोलन का राजनीतिक लाभ बीएनपी को मिला है और आगामी चुनावों में उससे काफी उम्मीदें हैं। ढाका पहुंचने पर तारिक रहमान ने कहा, 'आइ हैव ए प्लान यानी मेरे पास बांग्लादेश के विकास की योजना है।'

इसी आधार पर पार्टी ने अपने घोषणा पत्र सबसे पहले राष्ट्रीय बदलाव, सामाजिक समानता, आर्थिक स्थिरता, क्षेत्रीय विकास और धार्मिक सौहार्द जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी है। बांग्लादेश के चुनावी इतिहास में मुद्दों से अधिक पार्टी और नेतृत्व का प्रभाव रहा है और तारिक रहमान ने पिछले डेढ़ वर्षों में इसी दिशा में काम किया है। विदेश में रहते हुए भी वे आनलाइन माध्यम से पार्टी से जुड़े रहे। चुनावी गणित के लिहाज से बीएनपी इस समय एक मजबूत पार्टी मानी जा रही है, जिसे अवामी लीग की अनुपस्थिति का भी लाभ मिल सकता है। हालांकि बीएनपी मजहबी ध्रुवीकरण से बचते हुए अल्पसंख्यक और अवामी लीग समर्थक वोटों को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है।

जमात-ए-इस्लामी पहली बार खुलकर नेतृत्व की राजनीति में सामने आई है। 1971 के मुक्ति आंदोलन में पाकिस्तान का साथ देने के कारण यह संगठन लंबे समय तक विवादों में रहा। शेख हसीना के दो दशकों के शासन में इसके कई नेता जेल में रहे या भूमिगत हो गए थे, लेकिन उनकी सरकार के पतन के बाद जमात फिर सक्रिय हुई और उसका नेतृत्व सामने आया, जिसमें प्रमुख अमीर शफीकुर रहमान शामिल हैं। अवामी लीग की अनुपस्थिति ने जमात को अलग राजनीतिक पहचान दी है और अपने मजहबी आधार के सहारे वह चुनावी मैदान में उतरी है। हालांकि जमात के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। उसकी कट्टरपंथी छवि, महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण और संविधान को इस्लामी स्वरूप देने की कोशिशें चिंता का विषय हैं।

बांग्लादेश की स्थापना उदारवाद, धार्मिक सद्भाव और महिलाओं की सक्रिय भूमिका के आधार पर हुई थी। ऐसे में यदि जमात सत्ता में आती है, तो पंथनिरपेक्षता के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग सकते हैं। हाल में शफीकुर रहमान के एक साक्षात्कार में महिलाओं को पार्टी में प्रतिनिधित्व न देने की बात भी चिंता बढ़ाती है। जुलाई आंदोलन के कारण युवाओं की भूमिका इस चुनाव में अहम मानी जा रही है। छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने फरवरी 2025 में एनसीपी की स्थापना कर चुनावी राजनीति में प्रवेश किया।

हालांकि छात्र आंदोलन का नेतृत्व चुनावी सफलता की गारंटी नहीं होता। एनसीपी ने ढाका और जहांगीरनगर विश्वविद्यालय के छात्र चुनावों में भाग नहीं लिया, जिससे उसकी संगठनात्मक मजबूती पर सवाल उठे। इसके विपरीत, जमात के छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर की जीत ने उसकी जमीनी पकड़ को दर्शाया। एनसीपी का जमात के साथ गठबंधन उसकी राजनीतिक अनिश्चितता और अवसरवाद को भी दर्शाता है। अब यह देखना होगा कि युवा, विशेषकर महिलाएं इस गठबंधन को कितना स्वीकार करती हैं।

आंतरिक मुद्दों के बीच बीएनपी, जमात और एनसीपी, तीनों ने भारत के साथ संबंधों पर अलग-अलग रुख अपनाया है। बीएनपी और जमात ने विदेश नीति पर अपेक्षाकृत संयम बरता है, जबकि एनसीपी ने अंतरराष्ट्रीय नदियों के जल बंटवारे, शेख हसीना की वापसी और असमान द्विपक्षीय समझौतों जैसे मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाने की बात कही है। पारंपरिक दलों की चुप्पी को विवाद से बचने की रणनीति माना जा सकता है।

## ... ताकि दुबारा न हो सूरजकुंड जैसे हादसे !



सुनील कुमार महला

फरीदाबाद में आयोजित 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव 2026 के दौरान शनिवार, 7 फरवरी 2025 की शाम एक गंभीर हादसा हुआ, जब मेले में लगे एक झूले के टूटने से 13 लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना में झूला परिसर के सिक्योरिटी इंचार्ज इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई, जबकि सात घायलों की हालत गंभीर बताई गई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह हादसा शाम करीब सवा छह बजे हुआ, जब झूले पर 19 लोग सवार थे और झूला तेज गति से ऊपर-नीचे झूल रहा था। अचानक एक सिरे से झूला टूट गया, जिससे वह जमीन से दो-तीन फुट ऊपर हवा में लटक गया, जबकि दूसरा सिरा ऊपर ही बना रहा। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद दुकानदारों और पुलिसकर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद भी झूले पर फँसे लोगों को सुरक्षित उतारने में जुटे थे। कई लोगों को नीचे उतारा जा चुका था और कुछ को उतारा जा रहा था, तभी झूले का दूसरा सिरा भी टूट गया और पूरा ढांचा जमीन पर गिर पड़ा। इस दौरान कई लोग झूले की चपेट में आ गए और इंस्पेक्टर को गंभीर चोटें आईं। घायलों में से नौ लोगों को पास के निजी अस्पताल और चार लोगों को बीके अस्पताल ले जाया गया, जहां निजी अस्पताल में इलाज के दौरान इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई। इस हादसे को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री ने दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद बताया तथा पूरे मामले की जांच के आदेश दिए। हालांकि, यह घटना एक बार फिर इस सवाल को सामने लाती है कि प्रशासन और सरकार आमतौर पर किसी बड़े हादसे के बाद ही सक्रिय क्यों होती है। अक्सर जांच को तकनीकी खराबी या किसी कर्मचारी की लापरवाही तक सीमित कर दिया जाता है और यदि मामला अधिक तूल पकड़ ले तो निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई कर दी जाती है, जबकि उच्च स्तर के जिम्मेदार अधिकारी बच निकलते हैं। इसी कारण हादसों के मूल कारण समाप्त नहीं हो पाते और ऐसी घटनाएँ बार-बार दोहराई जाती हैं। सूरजकुंड मेले में झूला टूटने की यह घटना भी कहीं न कहीं प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण प्रतीत होती है। मनोरंजन के लिए आए लोगों ने कभी नहीं सोचा होगा कि झूले पर बैठना उनकी जान के लिए खतरा बन सकता है। हादसे के बाद झूला संचालक और एक कर्मचारी की गिरफ्तारी जरूर हुई, लेकिन केवल इतनी कार्रवाई से भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लगेगी, इस पर भरोसा करना कठिन है। असल सवाल यह है कि झूले को चलाने से पहले उसकी सुरक्षा जांच ठीक से हुई थी या नहीं और मेले की अनुमति देते समय सभी झूलों और गतिविधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आखिर किसकी थी। पिछले कुछ वर्षों में देश के अलग-अलग हिस्सों में झूलों, मनोरंजन राइड्स और रोपवे से जुड़े हादसे लगातार सामने आए हैं, जो इस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर करते हैं। जनवरी 2026 में मध्य प्रदेश के झाबुआ मेले में एक विशाल स्विंग गिरने से लगभग 14 बच्चे घायल हुए, जबकि सितंबर 2025 में गुजरात के पागवाड हिल रोपवे में केबल टूटने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। इसी तरह अक्टूबर 2025 में महाराष्ट्र के कगल मेले में टॉवर राइड की तकनीकी खराबी से 18 लोग करीब 80 फुट की ऊँचाई पर कई घंटों तक फँसे रहे। मई 2025 में चेन्नई के वीजीपी यूनिवर्सल किंगडम में थ्रिल राइड बीच में रुक गई और लगभग 30 लोग घंटों तक फँसे रहे, जबकि अप्रैल 2025 में साउथ वेस्ट दिल्ली के एक मनोरंजन पार्क में रोलर कोस्टर की सीट बेल्ट फेल होने से 24 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इनके अलावा जुलाई 2023 में नैनीताल रोपवे में तकनीकी गड़बड़ी के कारण 12 यात्री हवा में फँस गए थे और अप्रैल 2022 में त्रिकूट रोपवे, देवघर में दो केबल कारों के टकराने से दो लोगों की मौत हुई थी तथा यात्री कई घंटों तक फँसे रहे। जुलाई 2022 में कोलकाता के रामलीला ग्राउंड में फैरिस व्हील से गिरने पर एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई थी, जबकि 2019 में अहमदाबाद और 2024 में तमिलनाडु के थिरुपथुर में थीम पार्क के पेंडुलम राइड हादसों में कई लोगों की जान गई और दर्जनों लोग घायल हुए। अधिकांश मामलों में प्रारंभिक जांच में रखरखाव की कमी, समय पर निरीक्षण न होना, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और अनुभवहीन संचालन जैसी वजहें सामने आईं, लेकिन कार्रवाई अक्सर निचले स्तर तक ही सीमित रही। अब सूरजकुंड हादसे की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है, जो झूले की स्थापना, रखरखाव, निरीक्षण और संचालन से जुड़े लोगों से पूछताछ करेगी। लेकिन कहना ग़लत नहीं होगा कि यह जांच तभी सार्थक सिद्ध होगी, जब तकनीकी प्रमाणपत्रों, सुरक्षा रिपोर्टों और मानकों के पालन की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच हो तथा वास्तविक दोषियों पर ईमानदारी से कार्रवाई की जाए। यदि हर हादसे के बाद सरकार केवल औपचारिक कदम उठाती रही और जड़ तक नहीं पहुँची, तो ऐसे हादसे होते रहेंगे।

# पीएचडी की यात्रा की चुनौतियों का सामना कैसे करें?

*पहला, अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, अच्छे संबंधों तथा उत्पादक और नवाचारी बने रहने पर ध्यान देना आवश्यक है। पिछले 50 वर्षों के शोध से यह स्पष्ट हुआ है कि खुशी स्वास्थ्य, संबंधों, उत्पादकता और नवाचार में सहायक होती है। खुशी के साथ शोधकर्ता का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, संबंध मजबूत होते हैं और काम की गुणवत्ता भी बढ़ती है। इसलिए, एक शोधकर्ता के लिए, व्यावहारिक दृष्टिकोण से, खुशी को गंभीरता से लेना और उसे दैनिक जीवन में शामिल करना आवश्यक है। दूसरा, असुरक्षाओं का समाधान है–नियमित रूप से और एकाग्र मन से काम करना। असुरक्षा की भावना को कम करने के लिए व्यक्ति को उन्हीं बातों पर ध्यान देना चाहिए जो उसके नियंत्रण में हैं। ऐसा करने से पीएचडी शोधार्थी को उच्च गुणवत्ता वाले दैनिक शोध पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और नौकरी या भविष्य से जुड़ी*



डॉ राजेश के पिलानिया, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट, गुरुग्राम

अनुसंधान, विशेष रूप से पीएचडी का शोध, एक बहुत ही गहन और अकेली यात्रा होती है। इसमें किसी एक विषय पर 3 से 5 या उससे भी अधिक वर्षों तक काम करना पड़ता है। शोध एक रोलर-कोस्टर की तरह होता है। कुछ दिन ऐसे होते हैं जब लगता है कि शोध सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, और कुछ दिन ऐसे भी आते हैं जब किसी विपरीत शोध को देखकर ऐसा महसूस होता है कि काम कहीं अटक गया है या शायद सही दिशा में नहीं जा रहा है।

पिछले लगभग तीन दशकों में लेखक ने विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए शोधकर्ताओं और शोध छात्रों से बातचीत की है और कई बार यह समस्या सामने आई है कि शोध एक लंबी यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। इसके साथ ही भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना भी रहती है, जो एक शोधकर्ता के सामने आने वाली अन्य दैनिक पेशेवर चुनौतियों के अतिरिक्त होती है।

एक पीएचडी शोधार्थी इन चुनौतियों का इस तरह ध्यान कैसे रखे कि वह अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सके और शोध यात्रा का आनंद भी ले सके? इसके लिए पाँच सुझाव प्रस्तुत हैं।

पहला, अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, अच्छे संबंधों तथा उत्पादक और नवाचारी बने रहने पर ध्यान देना आवश्यक है। पिछले 50 वर्षों के शोध से यह स्पष्ट हुआ है कि खुशी स्वास्थ्य, संबंधों, उत्पादकता और नवाचार में सहायक होती है। खुशी के साथ शोधकर्ता का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, संबंध मजबूत होते हैं और काम की गुणवत्ता भी बढ़ती है। इसलिए, एक शोधकर्ता के लिए, व्यावहारिक दृष्टिकोण से, खुशी को गंभीरता से लेना और उसे दैनिक जीवन में शामिल करना आवश्यक है।

दूसरा, असुरक्षाओं का समाधान है–नियमित रूप से और एकाग्र मन से काम करना। असुरक्षा की भावना को कम करने के लिए व्यक्ति को उन्हीं बातों पर ध्यान देना चाहिए जो उसके नियंत्रण में हैं। ऐसा करने से पीएचडी शोधार्थी को उच्च गुणवत्ता वाले दैनिक शोध पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और नौकरी या भविष्य से जुड़ी चिंताओं में नहीं उलझना चाहिए। केंद्रित, समर्पित और गुणवत्तापूर्ण कार्य भविष्य की असुरक्षाओं के विरुद्ध सबसे अच्छा संरक्षण है।

तीसरा, हास्यबोध बनाए रखना चाहिए और चीज़ों को व्यक्तिगत या अत्यधिक गंभीर रूप से नहीं लेना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से काम करना जरूरी है, लेकिन साथ ही स्वयं पर हँसना और बातों को हल्के में लेना भी सीखना चाहिए। हास्यबोध विकसित करके, स्वयं पर हँसकर और चीज़ों को बहुत गंभीरता से न लेकर, व्यक्ति कठिन समय में भी लचीलापन बनाए रख सकता है और आगे बढ़ता रह सकता है।

चौथा, परिणाम की अत्यधिक चिंता करने के बजाय शोध की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दिशा के लिए लक्ष्य होना आवश्यक है, लेकिन मुख्य ध्यान रोज़मर्रा की प्रक्रिया पर होना चाहिए। सिद्धांत और शोध दोनों यह दर्शाते हैं कि परिणाम के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने से अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं।

पाँचवाँ और अंतिम, हर दिन सीखते रहना और स्वयं में सुधार करते रहना चाहिए। निरंतर सीखने और निरंतर सुधार के माध्यम से उच्च गुणवत्ता का कार्य किया जा सकता है। अच्छा कार्य और अच्छा परिणाम वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सहायक होता है।

ये पाँच कदम पीएचडी शोध यात्रा का सामना करने का एक अच्छा तरीका हैं। खुश रहकर, शोध प्रक्रिया का आनंद लेकर और लगातार सीखते व सुधार करते हुए, व्यक्ति वर्तमान का आनंद ले सकता है और भविष्य से जुड़ी असुरक्षाओं को भी कम कर सकता है।

# साइबर ठगी पर सख्ती



साइबर धोखाधड़ी और विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट के जरिये लोगों का पैसा हड़प करने के मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह सीबीआइ, बैंकों और रिजर्व बैंक के रवैये पर नाराजगी प्रकट की, उससे यही पता चलता है कि लोगों को ठगी से बचाने के लिए जो कुछ किया जाना चाहिए, वह नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी तो बहुत ही गंभीर है कि कई मामलों और खासकर डिजिटल अरेस्ट के मामलों में बैंक अधिकारी आरोपितों से मिले होते हैं और इसी कारण साइबर ठग लोगों की जमापूंजी आसानी से हड़प ले रहे हैं। इस टिप्पणी को निराधार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह देखने में आया है कि ठगी के जरिये इधर-उधर हस्तांतरित की गई रकम को जब्त करने के लिए बैंक समय पर कार्रवाई नहीं करते। समझना कठिन है कि जिन खातों से रकम इधर-उधर की जाती है, उनके खिलाफ बैंक तत्परता के साथ कार्रवाई क्यों नहीं करते? तत्परता का यह अभाव ही बैंकों की भूमिका पर सवाल खड़े करता है। यदि बैंक कर्मचारी सतर्क रहें तो साइबर फ्राड के मामलों पर एक बड़ी हद तक लगाम लग सकती है। बैंकों के पास ऐसा कोई सिस्टम होना ही चाहिए कि यदि किसी खाते से निकली राशि आनन-फानन एक के बाद एक कई अन्य खातों में स्थानांतरित हो रही हो तो वे उसका संज्ञान ले सकें। आम तौर पर ऐसा साइबर धोखाधड़ी के मामले में ही होता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की ओर से रिजर्व बैंक को ऐसे निर्देश देना आवश्यक हो गया था कि वह जिन खातों से धोखे से निकाला गया पैसा इधर-उधर किया जाता है, उन पर संबंधित बैंकों की जवाबदेही तय करे। आखिर अभी तक ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा था? चूंकि साइबर ठगी के मामलों में पुलिस एवं अन्य एजेंसियों को तत्परता से कार्रवाई करना आवश्यक होता है और प्रायः इसमें ढिलाई देखने को मिलती है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट को सीबीआइ को भी निर्देश देना पड़ा कि ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई की जाए। देखना है कि ऐसा हो पाता है या नहीं, क्योंकि साइबर ठगी के मामले जिस तरह बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए इसमें संदेह है कि सीबीआइ उन सबकी जांच करने में सक्षम होगी। स्पष्ट है कि पुलिस को भी साइबर ठगी के मामलों की जांच में समर्थ होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने साइबर ठगी रोकने के लिए गृह मंत्रालय, रिजर्व बैंक और टेलीकाम अथारिटी के बीच तालमेल बढ़ाने की आवश्यकता जताई

# एडीजे न्यायालय की मांग को लेकर वकीलों का आंदोलन तेज



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** कस्बे में एडीजे न्यायालय खोलने की मांग को लेकर संघर्ष समिति अभिभाषक संघ के बैनर तले चल रहा अधिवक्ताओं का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार व धरना आठवें दिन भी जारी रहा। मांगों पर कोई ठोस सुनवाई नहीं होने से आक्रोशित बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष गुर्जर सोमवार को आमरण अनशन पर बैठ गए। अधिवक्ताओं का कहना है कि एडीजे न्यायालय की घोषणा पूर्ववर्ती सरकार के बजट में की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष भी लंबे आंदोलन के बाद प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया था, बावजूद इसके आज तक न्यायालय शुरू नहीं किया गया। इससे क्षेत्र के वादकारियों और अधिवक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि जब तक एडीजे कोर्ट की स्थापना को लेकर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन और आमरण अनशन जारी रहेगा। धरना स्थल पर किसान नेता रामचंद्र मीणा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। मंगलवार शाम 6 बजे तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।आंदोलन के समर्थन में स्टांप विक्रेताओं, डीड राइटरों व आसपास के दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे, जिससे उपखंड व तहसील परिसर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा।

# मीठड़ी में सेवन डेज स्मार्ट एकेडमी की स्कॉलरशिप परीक्षा 8 मार्च को



जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** नावां-मीठड़ी रोड स्थित सेवन डेज स्मार्ट एकेडमी की ओर से विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक भव्य स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा, तार्किक क्षमता और बौद्धिक दक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से लक्की गौड़ ने बताया कि परीक्षा के तहत योग्य विद्यार्थियों को कुल 51 लाख रुपये तक की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। यह स्कॉलरशिप परीक्षा 8 मार्च को मीठड़ी में आयोजित होगी। परीक्षा हेतु ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 11 फरवरी से 28 फरवरी तक किए जाएंगे। इच्छुक अभिभावक एवं विद्यार्थी बचपन स्कूल, सीकर रोड, नावां में संपर्क कर पंजीकरण करवा सकते हैं। इस प्रतियोगिता में नावां, पांचोता, भगवानपुरा, चौसला, गुढ़ा, मारोठ, खुशियां, डाबसी, ठटाना, लोहराणा, पिपराली, सावंतगढ़, सोलाया, बवली गुढ़ा, मांगलोदी, मीठड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार प्रवेश के बाद विद्यार्थियों को अनुभवी व योग्य फैकल्टी की ओर से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। साथ ही बच्चों की रुचि अनुसार विभिन्न शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का आयोजन कर उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अधिक जानकारी व पंजीकरण के लिए अभिभावकों से शीघ्र संपर्क करने की अपील की गई है।

# विराटनगर में डीआईजी-एसपी की जनसुनवाई

## कानून व्यवस्था व साइबर अपराध पर दिया मार्गदर्शन

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** जिला कोटपूतली- बहरोड़ के पुलिस उप महानिरीक्षक सह पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार ने सोमवार को वृत्त कार्यालय विराटनगर में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। जनसुनवाई में एसडीएम विराटनगर कपिल उपाध्याय, वृत्ताधिकारी उमेश निठारवाल, एसडीएम सह तहसीलदार



लालाराम यादव तथा थानाधिकारी विराटनगर सोहनलाल सीआई उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान कस्बा विराटनगर के बंटी चौधरी, महेंद्र सैनी, शयोराम गुर्जर व रोहिताश चौधरी ने पुलिस अधीक्षक का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम में महेंद्र ठेकेदार, बंटी चौधरी, युवा नेता हेमराज सैनी, रामस्वरूप धाधल, शयोराम गुर्जर,, रोहिताश चौधरी, ख्यालीराम गुर्जर,रूपेंद्र, कृष्ण चौधरी, धर्मेंद्र सिंह शेखावत, बृजमोहन सैनी सहित अनेकों प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे। पुलिस उप महानिरीक्षक देवेंद्र कुमार ने जनसुनवाई के दौरान विराटनगर क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध से बचाव व यातायात नियमों की जानकारी विस्तार से दी तथा आमजन से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में वृत्ताधिकारी उमेश निठारवाल ने उपस्थित सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# मानवाधिकार संगठन का बड़ा ऐलान, बाबू अंसारी को सौंपी मीडिया कमान

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय संगठन ने बाबू अंसारी को राजस्थान का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह (अलवर) द्वारा की गई। डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि बाबू अंसारी का सामाजिक कार्यों और पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबा अनुभव संगठन की गतिविधियों को नई दिशा देगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अंसारी संगठन की नीतियों और अभियानों को मीडिया के माध्यम से मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। वहीं, नव नियुक्त मीडिया प्रभारी बाबू अंसारी ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे तथा मानवाधिकार और सामाजिक न्याय के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने भी इस नियुक्ति को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि बाबू अंसारी के जुड़ने से संगठन को राजस्थान में नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

# राज्यपाल ने किया लोक कला संगम के पोस्टर का विमोचन

## 20 से 22 फरवरी तक जयपुर के शिल्पग्राम में सजेगा राजस्थान की लोक संस्कृति का महाकुंभ

## 400 से अधिक कलाकार और 'लोक चौपाल' बनेगी आकर्षण का केंद्र

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी और आरएसएस सरकार्यवाह डॉ. दत्तात्रेय होसबोले होंगे मुख्य अतिथि



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान की समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से होने वाले लोक कला संगम-2026 का शुभारंभ राजभवन में हुआ। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस त्रि-दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया। राज्यपाल बागडे ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे लोक कलाओं के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। संस्कार भारती, राजस्थान सरकार के पर्यटन, कला व संस्कृति विभाग तथा जवाहर कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में यह भव्य आयोजन 20 से 22 फरवरी तक शिल्पग्राम, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। संस्कार भारती के प्रांत मंत्री प्रदीप सिंह राजावत ने बताया कि आयोजन की थीम 'राजस्थान रै लोकरंग रो उजास' है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए 400 से अधिक लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। संस्कार भारती के प्रांत महामंत्री बनवारी लाल चेजारा ने कहा कि लोक कला संगम-2026 केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि लुप्तप्राय लोक कलाओं के पुनर्जीवन और कलाकारों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का एक सशक्त सांस्कृतिक अभियान है। इस अवसर पर संस्कार भारती, जयपुर प्रांत के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रांत महामंत्री बनवारी लाल चेजारा, प्रांत मंत्री प्रदीप सिंह राजावत, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. प्रेम सिंह चारण, महानगर पूर्व अध्यक्ष डॉ. ललित सिंह तालेड़ा एवं महानगर महामंत्री महावीर सेन शामिल रहे।

### तीन दिन-तीन सांस्कृतिक रंग :

20 फरवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे। इस दिन बम रसिया, भपंग वादन, लांगुरिया, मयूर नृत्य, चरकुला, चकरी, जिकड़ी एवं हेला ख्याल दंगल जैसी लोक विधाओं की प्रस्तुतियां होंगी। 21 फरवरी को आरएसएस सरकार्यवाह डॉ. दत्तात्रेय होसबोले मुख्य अतिथि होंगे, जबकि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दिन कठपुतली नाट्य, तमाशा, व्रत राज, कुचामणी ख्याल पांच वचन, जयपुर गालीबाजी, अलगोजा-मंजीरा वादन, कच्छीघोड़ी, चार बैंत एवं बहरूपिया स्वांग कला की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। 22 फरवरी को उपमुख्यमंत्री एवं कला-संस्कृति मंत्री दीया कुमारी मुख्य अतिथि रहेंगी। इस दिन शेखावाटी चंग धमाल, गींदड़, फड़वाचन, रागिनी, भवाई, तेरहताली एवं विविध लोक गायन शैलियों के कलाकार मंच संभालेंगे।

### लोक चौपाल और शिल्प दीर्घाएं रहेंगी विशेष आकर्षण :

जवाहर कला केंद्र के 'कृष्णायन' सभागार में प्रतिदिन दोपहर को 'लोक चौपाल' का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसमें 25 विशेषज्ञ, छह अलग-अलग सत्रों में लोककला, लोक साहित्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और नागरिक शिष्टाचार जैसे विषयों पर विमर्श करेंगे। इसके साथ ही शिल्पग्राम प्रांगण में कला एवं शिल्प की विशेष दीर्घाएं सजाई जाएंगी, जहाँ आगंतुक राजस्थान की दुर्लभ हस्तशिल्प परंपराओं से रूबरू हो सकेंगे।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# स्मार्ट तकनीक और एआई का जिम्मेदार उपयोग विषय पर विद्यार्थियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग ब्लॉक नावां की ओर से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा राजकीय नर्सिंग कॉलेज, नावां में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान इलेक्ट्रॉनिकी व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इस्थ्र प्रोजेक्ट के अंतर्गत 'स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प' थीम पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सहायक प्रोग्रामर और सूचना सहायक सुखराम चौधरी ने विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (द्ब) के बढ़ते उपयोग के साथ उत्पन्न हो रही साइबर चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एआई तकनीक के माध्यम से तैयार डीपफेक वीडियो और क्लोन की गई आवाज़ें वास्तविक जैसी प्रतीत हो सकती हैं, इसलिए किसी भी भावनात्मक या आपात संदेश पर प्रतिक्रिया देने से पहले सत्यापन आवश्यक है।

वक्ताओं ने डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर ठगी के नए तरीकों से सावधान रहने की सलाह दी और स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं करती। उन्होंने मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) और साइबर हाइजीन अपनाने पर जोर दिया। वित्तीय सुरक्षा पर बोलते हुए बताया गया कि यूपीआई पिन केवल धन भेजने के लिए आवश्यक होता है, प्राप्त करने के लिए नहीं। ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर अपराध की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन नंबर या आधिकारिक पोर्टल cybercrime.gov.in पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग व एआई के जिम्मेदार प्रयोग की ऑनलाइन शपथ ली। आयोजन में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

# 13 फरवरी को होगा जिला स्तरीय आंवला क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन

## एक जिला-एक उपज आंवला को मिलेगा सशक्त बाजार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार पंच गौरव योजना के अंतर्गत एक जिला-एक उपज आंवला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयपुर जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 फरवरी को जयपुर के दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में जिला स्तरीय आंवला क्रेता-विक्रेता सम्मेलन व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में आयोजित होने वाले सम्मेलन में जयपुर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 700 से अधिक आंवला उत्पादक किसान, क्रेता, व्यापारी, एफपीओ व उद्यमी भाग लेंगे। कार्यक्रम की विशेषता के रूप में जयपुर जिले की सभी पंच गौरव उपजों की पृथक-पृथक स्टॉल लगाई जाएंगी, जिनके माध्यम से किसानों की ओर से उत्पादित स्थानीय विशिष्ट कृषि उपज, उनके मूल्यवर्धित उत्पादों तथा पारंपरिक विशेषताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे स्थानीय उत्पादों को व्यापक पहचान मिलने के साथ-साथ विपणन के नए अवसर सृजित होंगे। वहीं, उद्यानिकी विभाग के उपनिदेशक हरलाल सिंह बिजारनियां ने बताया कि जिला स्तरीय आंवला क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में आंवला से निर्मित विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों जैसे मुरब्बा, कैंडी, जूस, चूर्ण व औषधीय उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उद्यानिकी विभाग की ओर से आधुनिक कृषि उपकरणों, प्रसंस्करण तकनीकों, पैकेजिंग व भंडारण से संबंधित नवाचारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। सभी प्रदर्शनियां स्थ्छरूऑडिटोरियम परिसर के बाहर आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों की ओर से किसानों को आंवला उत्पादन, गुणवत्ता सुधार, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग व विपणन से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी। यह आयोजन जिले में पंच गौरव उपजों के संरक्षण, संवर्धन व बाजार विस्तार के साथ-साथ किसानों की आय वृद्धि और कृषि आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

# मजबूत विपक्ष और स्वस्थ संवाद से ही बचेगा लोकतंत्र : सचिन पायलट

जयपुर टाइम्स



**टोंक(कास)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए सशक्त विपक्ष और स्वस्थ संवाद अत्यंत आवश्यक है। यदि राजनीति में आपसी प्रतिस्पर्धा नफरत और टकराव में बदल जाएगी, तो सहमति और जनहित के फैसले संभव नहीं हो पाएंगे। वे पूर्व केंद्रीय मंत्री व किसान नेता राजेश पायलट की जयंती के अवसर पर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से टोंक में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सहायता सामग्री वितरण शिविर के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समिति के संस्थापक पद्म भूषण डॉ. डी.आर. मेहता सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। सचिन पायलट ने कहा कि समाज में गरीब, असहाय और जरूरतमंदों की मदद करने की भावना सभी में होती है, लेकिन बहुत कम लोग उसे धरातल पर उतार पाते हैं। श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति वर्षों से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही है। राजेश पायलट को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि साधारण पृष्ठभूमि से आने वाला व्यक्ति भी मेहनत और लगन से ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। उनकी सोच थी कि राजनीति में शिक्षित और संवेदनशील लोग आएं तथा जनसेवा को सर्वोपरि रखें। राजनीतिक परिदृश्य पर टिप्पणी करते हुए पायलट ने कहा कि आज आलोचना, सवाल पूछने और जवाबदेही तय करने की लोकतांत्रिक परंपरा कमजोर हो रही है। संसद और राजनीति में बढ़ता टकराव लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

# यातायात सुधार को लेकर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने ली समीक्षा बैठक

## पार्किंग, अतिक्रमण हटाने व फुटओवरब्रिज रखरखाव पर दिए स्पष्ट निर्देश

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को समीक्षा बैठक मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में यातायात नियंत्रण समिति की 93वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, उपायुक्त मालवीय नगर, आदर्श नगर, सर्तकता, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, उप नगर नियोजक, अधिशाषी अभियन्ता (विद्याधर नगर/विद्युत/प्रोजेक्ट प्रथम) सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।बबैठक में गोविन्द मार्ग की चैडाई मास्टर प्लान अनुसार 100 फिट किए जाने, नारायण सिंह सर्किल, टोक फाटक, फुट ऑवरब्रिज के रख-रखाव, अम्बाबाडी से द्रव्यवती नदी पर सुरक्षात्मक रेलिंग लगवाने एवं नियमित रख-रखाव, साफ-सफाई, पार्किंग सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने निर्देश दिए कि नारायण सिंह सर्किल, टोंक फाटक फुट ओवर ब्रिज का रख-रखाव और साफ-सफाई नियमित रूप से किया जाए व एसक्लेटर नियमित रूप से कार्य करें, नगर निगम की ओर से जारी भवन निर्माण व संस्थानिक स्वीकृतियों को स्वीकृत नक्शों के अनुसार जांच कर यह सुनिष्चित किया जाए कि पार्किंग का क्षेत्र पार्किंग के ही काम लिया जाए। प्रत्येक स्थल पर नक्षानुसार स्वीकृत पार्किंग स्थलों की संख्या भवन के बाहर आम जन की जानकारी के लिए बोर्ड पर प्रदर्षित की जाए। नगर निगम की ओर से संचालित पार्किंग का डेटा बेस नियमित रूप से तैयार किया जाए, उसके आधार पर सबसे व्यवस्ततम समय में पार्किंग शुल्क उसी अनुसार निर्धारित करने की शर्त निविदा में रखी जाए। अस्थायी अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाए, नगर निगम क्षेत्राधिकार में संचालित ढाबो व रेस्टोरेन्ट की पार्किंग की जांच की जावे यदि कोई प्रावधान है तो इनकी पालना करायी जाए।

# गुरुजी हरिकिशन सैनी की स्मृति में शिविर, 210 यूनिट रक्त संग्रहित

जयपुर टाइम्स







**चौमूं(निस)।** शिक्षाविद्, समाजसेवी व हमारे प्रेरणता गुरुजी हरिकिशन सैनी की 59 वीं जयंती के पावन अवसर पर गुरुजी की स्मृति में संत सुवालाल तॅवर हरिकिशन सैनी जनकल्याण फाउंडेशन के तत्वाधान में गुरुजी हरिकिशन भवन, एमजेएफ नर्सिंग कॉलेज केम्पस, चौमूं में 22 वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर गुरुजी के सेवा, त्याग और समाज कल्याण के आदर्शों को समर्पित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुजी हरिकिशन सैनी की मूर्ति के समक्ष परिजनों, स्नेह, मित्र व एमजेएफ कुटुंब की ओर से पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने व सामूहिक प्रार्थना सभा के साथ किया गया। उपस्थित अतिथियों व समाजसेवियों ने गुरुजी के जीवन, विचारों व समाज के प्रति उनके समर्पण व गुरुजी के शिक्षा, समाज सेवाए युवा सशक्तिकरण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर रक्तदान का महत्व व गुरुजी के जीवन चरित्र पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमे स्थानीय, दूर दराज से पधारे प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों की ओर से व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

रक्तदान शिविर में युवाओं, महिलाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़ - चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने सभी आवश्यक स्वास्थ्य जांच व सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कुल 210 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जिसमे बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने भाग लेकर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। संरक्षक, कैलाश राज सैनी ने अपने संबोधन में बताया कि रक्तदान केवल एक दान नहीं,बल्कि जीवन को आगे बढ़ाने का संकल्प है। यह रक्तदान शिविर हमारे लिए सेवा, समर्पण और मानवता का पर्व है। रक्त की एक- एक बूंद किसी अजनबी की धड़कन बनकर उसे नया जीवन दे सकती है। इससे बड़ा पुण्य और कोई नहीं हो सकता। जब रक्त के अभाव मे किसी अनजान व्यक्ति की साँसें थमने लगती हैं और उसी क्षण किसी रक्तदाता की एक बूंद रक्त उसे जीवन दे देती है तो वही पल मानवता का सबसे पवित्र क्षण होता है। रक्तदान केवल दान नहीं, बल्कि किसी माँ की मुस्कान, किसी बच्चे की उम्मीद और किसी परिवार की खुशियों को लौटाने का माध्यम है। रक्त की एक बूंद किसी के जीवन की रक्षा कर सकती है। संरक्षक सैनी ने समाज के सभी वर्गों, युवाओं और नागरिकों से आह्वान किया कि वे आगे आएं इस तरह के आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और रक्तदान कर यह अनुभव करें कि किसी की जिंदगी बचाने से बड़ा संतोष इस संसार में कोई नहीं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सामाजिक सेवा से ही एक मजबूत और संवेदनशील समाज का निर्माण संभव है। आईयें इस मानवता की इस पावन श्रृंखला का हिस्सा बनें।

संरक्षक कैलाश राज सैनी गुरुजी के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुये बताया कि गुरुजी हरिकिशन सैनी ने शिक्षा, सामाजिक उत्थान, धार्मिक सेवा व परोपकार के क्षेत्र में जीवनभर कार्य किया। वे हमेशा जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। उनकी ओर से किए गए कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक कैलाश राज सैनी ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी और सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त कर बताया कि संस्था की ओर से निरंतर समाज हित में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं और भविष्य में भी यह सेवा अभियान जारी रहेगा। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं। इस आयोजन पर विधायक डॉ. शिखा मील बराला, डॉ. आर.एन. कच्छावा, डॉ. वीर सिहं, डॉ. पी.पी. व्यास, डॉ.मनप्रीत सिंह, डॉ.जीताराम, नेमीचन्द सैनी, प्रवीण शर्मा, अशोक सैनी, संजय इत्यादि व क्षेत्र के कई सरपंच, पार्षद, सामाजिक पदाधिकारी, नागरिक, शिक्षाविद्, विद्यार्थी व बड़ी संख्या में आमजन महिला - पुरुष उपस्थित रहे।



## क्या 'अमर विश्वास' बन सच्चाई की जंग जीत पाएंगे राजीव खंडेलवाल

**बीते कुछ दिनों से अभिनेता राजीव खंडेलवाल अपने सोशल मीडिया पर वकालत से जुड़ी तस्वीरें शेयर कर रहे थे। उनकी पोस्ट देख ये कयास लगाए जा रहे थे कि उन्होंने एक्टिंग छोड़कर वकालत शुरू कर दी है। लेकिन अब एक्टर ने सारी कन्फ्यूजन क्लियर कर दी है। उनके द्वारा शेयर की गई पोस्ट उनकी आगामी वेब सीरीज 'अमर विश्वास' से जुड़ी हुई थी।**

'अमर विश्वास' लेखक सुहास शिर्वालकर के उपन्यासों पर आधारित है। कहानी एक मर्डर मिस्ट्री के इर्द-गिर्द घूमती है। जिसे शुरू में ही 'ओपन एंड शट' घोषित कर दिया जाता है। लेकिन फिर बाद में इसकी परतें खुलती हैं। ट्रेलर की शुरुआत जाने-माने फिल्म निर्माता जेस्सू मोमिन के मर्डर से होती है। शक बहार चक्रवर्ती नाम की एक लड़की पर जाता है, जिसे शुरुआत में अपराधी माना जाता है। इस बीच अमर विश्वास के कैरेक्टर में राजीव खंडेलवाल आते हैं। एक अनोखे और तेज दिमाग वाले वकील। जो जानते हैं कि सच हमेशा उतना सरल नहीं होता जितना दिखता है। जब अमर बहार की ओर से केस लड़ते हैं, तो वे धीरे-धीरे कई राज खोलने लगते हैं।

### ट्रेलर सिर्फ सीरीज की एक झलक

ट्रेलर लॉन्च इवेंट में राजीव खंडेलवाल ने अपने रोल के बारे में बताते हुए कहा, 'अमर विश्वास कोई पारंपरिक कोर्टरूम हीरो नहीं है। वह इंसानियत से भरा, भावनात्मक और न्याय के लिए हमेशा खड़ा रहने वाला है। मुझे यह रोल इसलिए पसंद आया क्योंकि यह पूरी सीरीज में मोरल टेंशन में रहता है। हर सच पर नई कीमत चुकानी पड़ती है। ट्रेलर सिर्फ इस सफर की एक झलक दिखाता है।'

शशांत शाह द्वारा निर्देशित 'अमर विश्वास' का निर्माण अर्जुन सिंह बरन और कार्तिक डी. निशंदर ने किया है। सीरीज में राजीव खंडेलवाल के अलावा आमिर अली, रवि बेहल और बर्खा बिष्ट भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। यह सीरीज 11 फरवरी से स्ट्रीम होगी।



## इस बिजनेसमैन को डेट कर रहीं शमिता शेट्टी?

### एक्ट्रेस के लिए किया पोस्ट

फिल्म 'मोहब्बतें' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली शमिता शेट्टी ने हाल ही में अपना 47वां जन्मदिन मनाया। इस जश्न में उनके साथ बहन शिल्पा शेट्टी और जीजू राज कुंद्रा भी मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर सामने आई शमिता के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की तस्वीरों में एक शख्स ऐसा भी नजर आया, जिसके साथ शमिता का नाम जोड़ा जा रहा है। ये शख्स है टेक्नो आर्टिस्ट-बिजनेसमैन दीपेश शर्मा।

### दीपेश ने शमिता के लिए किया प्यारा पोस्ट

पिछले कुछ वक्त से दीपेश शर्मा और शमिता शेट्टी के रिलेशनशिप को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं। इन अटकलों को तब और भी बल मिला, जब दीपेश शर्मा ने शमिता के जन्मदिन पर उन्हें खूबसूरत अंदाज में शुभकामनाएं दीं। दीपेश ने शमिता के लिए जो बर्थडे पोस्ट किया है, उसमें शमिता दीपेश के साथ नजर आई रही हैं। साथ में शिल्पा और राज कुंद्रा भी मौजूद हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में दीपेश ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे मेरी हमेशा की हंसी का राज, जिसे मेरी सारी कहानियां पता हैं और फिर भी साथ है। लव यू माई शम्स्टर।' दीपेश की पोस्ट पर शमिता के दीपेश की इस पोस्ट पर शमिता ने कमेंट करते हुए लिखा और इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट इमोजी भी बनाए। दीपेश की पोस्ट और उस पर शमिता के इस तरह के कमेंट के बाद अब दोनों के रिलेशन को लेकर चर्चाएं होने लगीं। फैन्स ये कयास लगाने लगे कि शमिता, दीपेश को डेट कर रही हैं। क्योंकि तस्वीरें दोनों की नजदीकियों की गवाही दे रही हैं। शमिता के रिलेशनशिप की चर्चा हुई, तो लोग दीपेश के बारे में भी सर्च करने लगे हैं।

### क्या करते हैं दीपेश शर्मा?



दीपेश शर्मा की बात करें तो वो एक टेक्नो संगीत कलाकार और बिजनेसमैन हैं। वो मुंबई के फेमस नाइटलाइफ प्लेस पर मिलाग्रो और द कॉकटेल रूम के सह-संस्थापक के रूप में जाने जाते हैं। वो टुमॉरोलैंड जैसे बड़े फेस्टिवल्स में परफॉर्म करते हैं। यही नहीं दीपेश गोवा में क्रॉनिकल बीच क्लब के मालिक भी हैं। उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल के अनुसार, दीपेश को बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त और सोनाक्षी सिन्हा जैसे स्टार्स फॉलो करते हैं।



## 'किंग' के बाद किस फिल्म में नजर आएंगे शाहरुख खान? नए प्रोजेक्ट पर फराह खान से जारी है बातचीत



शाहरुख खान इन दिनों फिल्म 'किंग' की शूटिंग में बिजी हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही फराह खान के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम करने वाले हैं। खबर यह भी है कि फराह खान 'मैं हूं ना 2' की स्क्रिप्ट पर काम कर रही हैं। पिंकविला के मुताबिक 'किंग' के बाद शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म 'मैं हूं ना 2' हो सकती है। फिल्म को लेकर शाहरुख और फराह के बीच बात चल रही है।

### शाहरुख के होंगे डबल रोल

अगर यह खबर सही है तो दो दशकों के बाद 'मैं हूं ना' का सीक्वल 'मैं हूं ना 2' बनेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फराह खान ने शाहरुख खान के लिए डबल-रोल तय किया है। फिल्म में शाहरुख खान दो अलग-अलग किरदारों में नजर आएंगे।

### कैसी होगी फिल्म की कहानी?

बताया जाता है कि 'मैं हूं ना 2' देशभक्ति से भरपूर होगी। इसमें ओरिजिनल कास्ट दोबारा नजर आएगी। इसकी कहानी भारत पर एक नए खतरे के इर्द-गिर्द घूमेगी। इसमें एक्शन और कॉमेडी भी होगी। मेन आइडिया खुद शाहरुख खान का है। इस आइडिया को आकाश कौशिक डेवलप कर रहे हैं।

### फिल्म की कहानी सुनेंगे शाहरुख

'किंग' के बाद शाहरुख खान के बिजी शेड्यूल को देखते हुए टाइमलाइन पर काम किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि शाहरुख खान मई 2026 में 'किंग' की शूटिंग खत्म करने के बाद 'मैं हूं ना 2' की कहानी सुनेंगे। इसके बाद वह प्रोजेक्ट पर फैसला लेंगे।

### 'मैं हूं ना' की स्टारकास्ट

'मैं हूं ना' (2004) को फराह खान ने डायरेक्ट किया था। इसे गौरी खान और रतन जैन ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और वीनस मूवीज के तहत प्रोड्यूस किया था। इस फिल्म में शाहरुख खान, सुष्मिता सेन, सुनील शेट्टी, अमृता राव और जायद खान ने अहम रोल निभाए थे।

## एक खूबसूरत प्रेम कहानी से कहीं ज्यादा है 'दो दीवाने सहर में'

संजय लीला भंसाली के बैनर तले रोमांटिक ड्रामा 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। यह फिल्म आधुनिक रिश्तों, भावनात्मक उलझनों और आज की तेज रफ्तार भरी जिंदगी में प्यार की बदलती परिभाषाओं को संवेदनशील तरीके से पेश करती है, जो एक साथ निजी भी हो और बेहद रिलेटेबल भी। ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों में चर्चा का विषय बन गया है। यह फिल्म मुंबई की चमक-दमक वाली जिंदगी में दो ऐसे लोगों की कहानी बताती है जो अपनी कमियों से जूझते हुए प्यार ढूंढते हैं। ट्रेलर में संदीपा धर की छोटी लेकिन प्रभावशाली एंट्री ने खासा ध्यान खींचा है। भले ही उनका स्क्रीन टाइम कम हो, लेकिन हर फ्रेम में उनका कॉन्फिडेंस और मजबूत प्रेजेंस साफ दिखता है। संदीपा ने अपने स्क्रीन प्रेजेंस से उत्सुकता का तड़का लगाया है। उनकी मौजूदगी फिल्म के अर्बन और रोमांटिक मूड के साथ अच्छी तरह घुलमिल गई है। उनकी संयमित और सधी हुई एक्टिंग से लगता है कि संदीपा का किरदार भावनात्मक गहराई वाला है, जो फिल्म में आगे चलकर खुलकर सामने आएगा। संजय लीला भंसाली जैसे बड़े फिल्ममेकर के साथ काम करना संदीपा के करियर का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अब तक ऐसे रोल चुने हैं, जो उन्हें एक बेहतर एक्ट्रेस के रूप में आगे ले जाते हैं। इसी कड़ी में 'दो दीवाने सहर में' से उनका जुड़ाव कंटेंट-ड्रिवन और लेयर्ड सिनेमा की ओर उनके सोच-समझकर किए गए कदम को दर्शाता है। संदीपा ने फिल्म को लेकर कहा, 'फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा है। मृणाल, मेरी रोशनी, तुम्हारी परफॉर्मेंस में इतनी ईमानदारी और संवेदनशीलता है कि कई बार मैं भूल जाती थी कि तुम अभिनय कर रही हो।








## 'एनिमल पार्क' को लेकर संदीप रेड्डी वांगा ने दी बड़ी अपडेट, बताया कब शुरू होगी शूटिंग

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। भारत में रिलीज और अपार सफलता के लगभग दो साल बाद अब 'एनिमल' जापान में रिलीज होने वाली है। 13 फरवरी को फिल्म की रिलीज से पहले कुछ खास दर्शकों के लिए फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। इस दौरान निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और अभिनेता रणबीर कपूर ने लोगों से बात भी की। इसी दौरान जब फिल्म के सीक्वल 'एनिमल पार्क' के बारे में पूछा गया तो संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि कब फिल्म की शूटिंग शुरू होगी।

### 2027 के मिड में शुरू होगी 'एनिमल पार्क' की शूटिंग

'एनिमल पार्क' के बारे में बात करते हुए संदीप रेड्डी वांगा ने कहा, 'मौजूदा फिल्म खत्म होते ही 'एनिमल पार्क' की शूटिंग शुरू हो जाएगी। इसमें और भी जानवर होंगे क्योंकि अजीज भी एक जानवर है। इसे ध्यान में रखते हुए अब कहानी दो भाइयों के बीच होगी, जो दिखने में एक जैसे हैं। इसलिए मुझे लगा कि एनिमल पार्क सही टाइटल रहेगा। मैं 2027 के मिड में शूटिंग शुरू करूंगा।' संदीप रेड्डी वांगा अभी फिलहाल प्रभास और तृप्ति डिमरी स्टारर 'स्पिरिट' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी।

### बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी 'एनिमल'

एक्शन-थ्रिलर 'एनिमल' साल 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में पिता-पुत्र के उलझे हुए रिश्ते को दिखाया गया था। रणबीर ने रणविजय विजय सिंह का किरदार निभाया था। जबकि अनिल कपूर ने पिता का किरदार निभाया था। फिल्म में रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी भी प्रमुख भूमिका में नजर आई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसने दुनिया भर में 900 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। हालांकि, फिल्म के कई सीन और अत्यधिक हिंसा को लेकर इसकी आलोचना भी की गई थी।

### 'एनिमल पार्क' को लेकर उत्साहित हैं रणबीर

इस मौके पर रणबीर कपूर ने भी फिल्म को लेकर बात की और 'एनिमल पार्क' को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। अभिनेता ने कहा, 'संदीप के साथ सेट पर वापस आने और इस किरदार को निभाने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। अब एक और किरदार है। चूंकि यह एक निरंतर कहानी है, इसलिए पहले भाग की शूटिंग के दौरान ही उनके दिमाग में दूसरे पार्ट की कहानी भी स्पष्ट थी। एक अभिनेता के तौर पर यह मेरे लिए बहुत रोमांचक और प्रेरणादायक है। हम दोनों लगातार बातचीत करते रहते हैं और अलग-अलग आइडिया पर चर्चा करते रहते हैं।'

### 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' में नजर आएंगे रणबीर

रणबीर कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो इन दिनों संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' पर काम कर रहे हैं। यह 1960 के दशक पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है। इसमें उनके साथ पत्नी आलिया भट्ट और विक्की कौशल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके इसी साल रिलीज होने की संभावनाएं हैं। इसके अलावा रणबीर नितेश तिवारी की मच अवेटेड फिल्म 'रामायण: पार्ट वन' में भी नजर आएंगे। इसमें वह भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होगी।



## वार्षिकोत्सव में कैबिनेट मंत्री ने किया विद्यार्थियों का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुमेरपुर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। मंत्री कुमावत ने विद्यार्थियों को जीवन में माता-पिता व गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति व संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन नारायण भारती गोस्वामी ने किया। समारोह में अनेक जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे।

## रामप्रताप सैनी चिकित्सा महासंघ के प्रदेश विधि सलाहकार नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अजय पूनिया कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अखिल राजस्थान चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण कर्मचारी महासंघ राजस्थान जयपुर ने राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर के लोकप्रिय व अनुभवी अधिवक्ता राम प्रताप सैनी को अखिल राजस्थान चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण कर्मचारी महासंघ राजस्थान जयपुर का प्रदेश विधि सलाहकार नियुक्त किया। इस मौके पर संघ भरतपुर संभाग व धौलपुर जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश मंगल, जिला महामंत्री शशिपाल सिंह चौधरी, जिला सचिव प्रशांत तिवारी, वरिष्ठ कर्मचारी नेता रवि कुमार शर्मा, गौरव मीणा, सुशील कुलश्रेष्ठ, राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेश गोस्वामी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी नियुक्ति से महासंघ को कानूनी सलाह मिलने के साथ ही मजबूती मिलेगी। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अजय पूनिया ने कहा कि महासंघ 1989 से रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियन एक्ट के तहत अपने प्रकार का एक मात्र व कर्मचारियों में लोकप्रिय संगठन है और आगामी दिनों में भी बड़े स्तर पर संगठनात्मक नियुक्ति दी जाएगी।

## न्यायालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस)।** महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द्र विश्नोई व धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व वैभव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर के निर्देशन तथा खलील अहमद आरपीएस सीओ वृत्त मनियां के सुपरविजन में राजाखेड़ा थानाधिकारी गम्भीर सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम गठित कर न्यायालय कर्मचारी पर हमला करने व राजकार्य में बाधा के मामले में फरार मुल्जिम राजकुमार उर्फ रज्जो व बेताल सिंह को गिरफ्तार किया। घटना विवरण 7 फरवरी को अमरफल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एमजेएम कोर्ट राजाखेड़ा के साथ गांव दिघी में प्रकरण सविता गुप्ता बनाम मोहन प्रकाश अन्य ष्टह्रस् नंबर 05/2026 में समय 03-15 पीएम पर तामील कराते समय हाथापाई व मारपीट कर सरकारी दस्तावेजों को फाड़कर राजकार्य में बाधा पहुंचाई थी। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना पर प्रकरण दर्ज किया जाकर वक्त घटना मौके से फरार हुए मुल्जिमों की तलाश के लिए थानाधिकारी गम्भीर सिंह पुलिस निरीक्षक के निर्देशन में टीम गठित कर सम्भावित स्थानों पर सरगमी से तलाश की गई। 9 फरवरी को प्रकरण में फरार मुल्जिम राजकुमार उर्फ रज्जो पुत्र बाबूलाल कोली उम्र 45 साल निवासी गांव दिघी थाना राजाखेडा जिला धौलपुर व बेताल सिंह पुत्र नत्थीलाल ठाकुर उम्र 40 साल निवासी गांव दिघी थाना राजाखेडा जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया। जिनको अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### राजाखेड़ा में बिजली बकाया वसूली अभियान

## तीन टीमों ने 21 लाख से अधिक की बकाया पर 103 कनेक्शन किए डीसी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** अधीक्षण अभियंता गोविंद सिंह के निर्देशानुसार उपखंड राजाखेड़ा में सहायक अभियंता आनंद तिवारी के नेतृत्व में बकाया वसूली को लेकर तीन अलग-अलग टीमें गठित कर फील्ड अभियान चलाया गया। टीम-1 में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा व तकनीकी कर्मचारियों ने शहर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए करीब 3.5 लाख रुपए की बकाया पर 22 विद्युत कनेक्शन डीसी किए तथा 80 अवैध केबल हटाकर स्टोर में जमा कराए। टीम-2 में कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल ने सोमली, दिघी, गंगोलियापुरा, खुड़िलापुरा, अंबरपुर, डोंगरपुर और गोपालपुरा गांवों में 8 लाख रुपए की बकाया पर 35 कनेक्शन डीसी किए और 90 अवैध केबल जब्त किए। टीम-3 में कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड ने मरैना, पाय, सुंदरपुर, सविता नगर, बिचपुरी, गोपालपुरा, चौहानपुरा व पहाड़ी क्षेत्रों में 9.6 लाख रुपए की बकाया पर 46 कनेक्शन डीसी किए तथा 95 अवैध केबल हटाकर जब्त किए। अभियान में वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह, सोनेश कुमार, राजूलाल, भूदेव, अकील, संजीव फौजी, हरवान सिंह, बंटी खान, रामेश्वर, धर्मेंद्र और गोपाल सिंह शामिल रहे। सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे समय पर विद्युत बिल जमा करें, ताकि कनेक्शन कटने से बचें। साथ ही अधिक बिजली उपभोग करने वालों से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत घर की छत पर सोलर संयंत्र लगाने का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### खबर का असर सिर्फ काग़ज़ों तक

# खिंवादी में निरीक्षण के बाद भी जस का तस कीचड़, पंचायती राज की कार्यप्रणाली पर सवाल

जयपुर टाइम्स





**सुमेरपुर(निस)।** पाली जिले की पंचायत समिति सुमेरपुर अंतर्गत खिंवादी ग्राम पंचायत में बदहाल सफाई व्यवस्था और कीचड़ की समस्या को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण तो किया, लेकिन निरीक्षण के कई दिन बीत जाने के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है और पंचायती राज विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी गांव की गलियों, अस्पताल मार्ग और चौक पड़ी नालियों का जायजा लेकर लौट गए, लेकिन न तो सफाई कार्य शुरू हुआ और न ही जल निकासी की व्यवस्था में कोई सुधार दिखाई दिया। हालात आज भी वैसे ही बने हुए हैं– चारों ओर कीचड़, गंदा पानी और क्षतिग्रस्त सड़कें, जिनके बीच ग्रामीणों को रोजमर्रा का जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### निरीक्षण या औपचारिकता:

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह निरीक्षण महज़ औपचारिकता बनकर रह गया। आयंबिल खाता गली, अम्बावावड़ी जैन मंदिर कोणार, पिपली चौक और गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल मार्ग पर स्थिति पहले जैसी ही भयावह है। नालियां पूरी तरह चौक हैं, सड़कें जलमग्न हैं और सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निरीक्षण वास्तव में गंभीरता से किया गया होता, तो कम से कम अस्थायी सफाई या जल निकासी का कार्य तत्काल शुरू किया जाता।

### अस्पताल मार्ग बना सबसे बड़ा संकट:

पिपली चौक से गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल जाने वाला मार्ग आज भी दलदल में तब्दील है। मरीजों, महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर इसी रास्ते से आना-जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नालियों के गलत निर्माण के कारण गंदा पानी मकानों की नींव में जा रहा है, जिससे कई घरों में दरारें तक पड़ चुकी हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

### निरीक्षण के बाद दबाव बनाने के आरोप:

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निरीक्षण के बाद समस्या का समाधान करने के बजाय कुछ पंचायत कर्मचारियों द्वारा लोगों को पंचायत में बुलाकर दबाव बनाने की कोशिश की गई। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि क्या अपनी समस्याएं उजागर करना और समाधान की मांग करना अब अपराध की श्रेणी में आ गया है?

### पंचायती राज विभाग पर उठे सवाल:

ग्रामीणों का कहना है कि जब अधिकारी मौके पर पहुंचकर भी कोई कार्रवाई नहीं करते, तो आमजन आखिर जाए तो कहां जाए? क्या निरीक्षण केवल नोटिंग करने और फाइल आगे बढ़ाने तक सीमित है? यदि निरीक्षण के बाद भी हालात जस के तस बने रहें, तो ऐसी कार्रवाई का क्या औचित्य है?

### ग्रामीणों की चेतावनी:

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही नालियों की सफाई, जल निकासी की ठोस व्यवस्था और अस्पताल मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे पंचायती राज विभाग के खिलाफ आंदोलन करने और उच्च अधिकारियों तक शिकायत दर्ज कराने को मजबूर होंगे। ग्रामीण हितेश रावल, देवीचंद शर्मा, मंगूबाई जैन सहित कई लोगों ने मीडिया के माध्यम से सरकार और पंचायती राज विभाग से मांग की है कि निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों पर ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि खिंवादी के आमजन को इस बदहाली से जल्द राहत मिल सके।

## जिला कारागृह व लीगल एड क्लिनिक धौलपुर का साप्ताहिक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की ओर से जारी दिशा निर्देशों के अनुसरण व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला व सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव एवं प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जिला कारागृह व लीगल एड क्लिनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा की ओर से जारी एसओपी में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। सचिव व प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारीगणों ने निरीक्षण के दौरान कारागृह में निरुद्ध बंदियों की आवास व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधा, दवाइयों की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था व विशेष श्रेणी के बंदियों की स्थिति का जायजा लिया साथ ही न्यायिक अधिकारीयों ने लीगल एड क्लिनिक में स्थित रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया व सचिव की ओर से प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारियों को लीगल एड क्लिनीक की कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सचिव रेखा यादव ने एलएडीसीज अधिवक्ताओ से बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा, जमानत प्रक्रिया, अपील व लंबित प्रकरणों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली साथ ही सचिव रेखा यादव ने कन्विट पीएलवी व कम्युनिटी पीएलवी से भी उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पीएलवीओं को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से जेल में जाकर बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं, जमानत व अपील संबंधी प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करें। इसके बाद सभी न्यायिक अधिकारियो ने बंदियों के लिए उपलब्ध वीडियों कॉन्फेसिंग हॉल व केंटिन का भी निरीक्षण किया इसके बाद सभी न्यायिक अधिकारियो की ओर से बंदियों से प्रत्यक्ष संवादकर उनकी व्यक्तिगत व विधिक समस्याओं को सुना गया। जो बंदी आर्थिक रूप से कमजोर पाए गए अथवा विधिक सहायता के पात्र थे, उन्हें निःशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराए जाने के लिए एलएडीसीज अधिवक्ताओ को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण दौरान एक बंदी जिसके पैर में चोट लगी थी जिसके बारे में भी सचिव ने जानकारी ली और उसके उपचार के संबंध में जेल अधीक्षक को निर्देशित किया साथ ही एक बंदी जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने पर भी उसके उपचार के संबंध में जेल अधीक्षक को निर्देश दिए एवं एक बंदी ने अपने बच्चे जो कि जेल में बंद था, उससे मिलने के बारे में सचिव को जानकारी दी और एक बंदी जिसको खाना न मिलने की शिकायत थी उक्त शिकायतों के समाधान के संबंध में जेल अधीक्षक को निर्देश दिए इसके बाद सभी न्यायिक अधिकारियों ने जेल अस्पताल का निरीक्षण कर डॉक्टरों व मेडिकल स्टाफ से चर्चा की गई तथा बंदियों को समय पर उपचार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही सभी न्यायिक अधिकारीगणों ने रसोईघर का भी निरीक्षण किया व रोटी बनाने वाली मशीनों की जांच की और आज के भोजन के बारे में भी पूछा एवं निर्देशित किया कि सभी बंदियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएं जिससे वह स्वस्थ रहें। सचिव ने निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन को बंदियों के मानवाधिकारों की रक्षा, समयबद्ध न्याय प्रक्रिया तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारीगण अभिषेक, तनुराग, हर्षल व अनमोल, चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी आराधना शर्मा, दीपक सिंह सिकरवार, स्टेनो राहुल डंडौतिया, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा व जेलर पूरन सहित कारागृह का स्टॉफ व बंदीजन मौजूद रहे।

## ग्राम उत्थान शिविरों में हो रही जन कल्याण की संकल्पना साकार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर ग्राम उत्थान शिविरों का शुभारम्भ किया गया। ग्राम उत्थान शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास व पंचायती राज सहित संबंधित विभागों की सहभागिता से कृषकों व पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि 23 जनवरी से जिले में शिविरों का आयोजन किया गया। 9 फरवरी तक जिले के 51 गिरदारवर सर्किल पर शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कृषि उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबन्धन व पंचायती राज विभाग की ओर से 56 प्रकार की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए इच्छुक आवेदकों के आवेदन तैयार करवाए गए। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में जनप्रतिनिधियों व संबंधित विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया गया। इस दौरान 939 किसानों को कृषि विभाग की तारबंदी के आवेदनों के वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। इसी तरह 233 किसानों को फार्म पौण्ड के आवेदन, 941 को पाईप लाईन, 23 हजार 359 को फसल बीमा योजना, 27 हजार 216 को समर्थन मूल्य की जानकारी, 29 हजार 331 को कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही 17021 किसानों में मिनी किट वितरण का सत्यापन और 11213 में बीज वितरण का सत्यापन किया गया। शिविर में अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ 4517 सॉयल हैल्थ कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी विभाग की ओर से फब्बारा, ड्रिप, प्लास्टिक मल्च इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विपणन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना की जानकारी दी गई। सहकारिता विभाग की ओर से किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि, गैर कृषि 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना, नए कस्टम हायरिंग सैटर के आवेदन तैयार करवाने की जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग की ओर से 5212 पशुओं को प्राथमिक चिकित्सा करते हुए कृमिनाशक औषधि पिलाई गई। उन्होंने बताया कि फीवर रोग टीकाकरण, 71 पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान व 719 फर्टीलिटी किट का भी वितरण किया गया। 9907 व्यक्तियों को गौशाला विकास योजना की जानकारी दी गई। मत्स्य विभाग की ओर से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का प्रचार-प्रसार किया गया। ऊर्जा विभाग की ओर से पीएम सूर्यघर योजनान्तर्गत पंजीकरण व इसके साथ-साथ राजस्व विभाग ने 439 फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण किया गया। ऊर्जा विभाग की ओर से पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत 410 पंजीकरण, 25 हजार 270 किसानों को वीबी-जीरामजी की जानकारी, 1414 में स्वामित्व कार्ड वितरण किया गया।

## 'विराट सिटी' का जेडीए ने किया 'वैभव' ध्वस्त

**जयपुर(कास)।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-19 क्षेत्र में बिना स्वीकृति व भू-रूपांतरण के बसाई जा रही अवैध कॉलोनी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 40 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर किए गए समस्त अवैध निर्माण को पूर्णतः ध्वस्त कर दिया। जेडीए के राहुल कोटोकी ने बताया कि ग्राम महला, अजमेर रोड क्षेत्र में "विराट सिटी" नाम से मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, प्लॉटों की बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कर नई अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना मिलते ही उनके निर्देश पर जोन-19 के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीनों व श्रमिकों की सहायता से प्रारंभिक स्तर पर ही निर्माण ध्वस्त कर दिया, जिससे अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास विफल हो गया।

## स्थानांतरण प्रकरण में प्रधानाचार्य जैन को बड़ी राहत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर ने अपील संख्या 374/2026 में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए अपीलार्थी नरेश कुमार जैन, प्रधानाचार्य, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बड़ा हैदरशाह, जिला धौलपुर के स्थानांतरण व कार्यमुक्ति आदेशों को निरस्त कर दिया है। अधिकरण ने विभाग को निर्देशित किया है कि अपीलार्थी को वर्तमान पदस्थापन (जिला धौलपुर) पर ही निरंतर कार्यरत रखा जाए तथा नए कार्मिक की पदस्थापना होने तक कार्यमुक्त न किया जाए। एडवोकेट सुमित जैन ने बताया कि अधिकरण ने शासन के नियमों व दिशा- निर्देशों के अनुरूप आदेश पारित करते हुए अपीलार्थी को महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है।

## बसई नबाब में केवाईसी जागरूकता शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), धौलपुर की ओर से ब्लॉक बसई नबाव में वित्तीय साक्षरता सप्ताह-2026 के तहत वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य विषय 'चह्ल्ष्ट - सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम' रहा। शिविर में आरसेटी निदेशक भूपेंद्र व संकाय सालिगराम सिंह ने प्रतिभागियों को केवाईसी अद्यतन के महत्व, प्रक्रिया और लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय-समय पर केवाईसी अपडेट कराने से बैंकिंग सेवाएं सुचारू रहती हैं और धोखाधड़ी व साइबर अपराध से बचाव होता है। इस दौरान ओटीपी, पिन, एटीएम व ऑनलाइन बैंकिंग से जुड़ी सुरक्षा सावधानियों के साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि खाता, पीपीएफ सहित विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी गई। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को सुरक्षित, पारदर्शी और डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक करना रहा।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल विराटनगर (कोटपूतली - बहरोड़)**

Ph. 01422-243929 Email - viratnagar.jaipur@yahoo.com

क्रमांकः न.पा.वि./2026 / 2542 दिनांक : 10/2/26

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

ऑनलाईन प्राप्त प्रकरणो के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस में मय सबूत आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा वाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। ऑनलाईन प्राप्त आवेदन निम्नानुसार है

| क्र.स. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा नम्बर | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री पूरण मल सैनी पुत्र भंवर लाल सैनी | विराटनगर | 2686 | 200.00 वर्गगज का आवासीय पट्टा चाहने बाबत् । |

अधिशाषी अधिकारी
पालिका विराटनगर

**कार्यालय ग्राम पंचायत बुचारा, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड़)**

क्रमांक :- ग्रा.पं.बु / निविदा / 2025-26/11 दिनांक : 10/2/2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत बुचारा में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए.बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी- शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN- ZJP2526WSRC02429
UBN- ZJP2526WSRC02479

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बुचारा
पं.स. पावटा (कोटपूतली बहरोड़)

प्रशासक
ग्राम पंचायत बुचारा
पं.स. पावटा (कोटपूतली बहरोड़)

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता भू जल विभाग, जयपुर**

72 - बी झालाना डूंगरी सांस्थानिक क्षेत्र, जयपुर-302004
Email id- XENGWDIPR@RAJASTHAN.GOV.IN Phone no. 0141-2710467

क्रमांक : पं.()स्टोर/अअ / भूजवि / जय / 2025-26/3280 दिनांक 03/02/2026

**बिड सूचना संख्या-8**

इस खण्ड कार्यालय में कार्यरत विभिन्न रोटरीयों/ डी. टी. एच. मशीनों एवं वाहनो की मरम्मत / सामान की आपूर्ति की जाने हेतु दर संविदा की खुली प्रतियोगी बोली के प्रपत्र दिनांक 03.02.2026 से 12.03.2026 तक विक्रय कर दिनांक 13.02.2026 को खोली जायेगी । बोली की समस्त शर्तो को लोक उपापन पार्टल व विभागीय वेबसाइट https//department.rajasthan.gov.in/home/dpt/76 पर उपलब्ध करवा दी गई है।

UBN No.
GWD2526SSOB01122, GWD2526GSOB01123, GWD2526SSOB01124, GWD2526GSOB01125, GWD2526SSOB01126, GWD2526GSOB01127, GWD2526SSOB01128, GWD2526GSOB01129, GWD2526SSOB01130, GWD2526GSOB01131, GWD2526SSOB01132, GWD2526GSOB01133, GWD2526SSOB01134, GWD2526GSOB01135, GWD2526SSOB01136, GWD2526GSOB01137, GWD2526GSOB01138, GWD2526GSOB01139, GWD2526GSOB01140, GWD2526GSOB01141, GWD2526GSOB01142, GWD2526GSOB01143, GWD2526GSOB01144

DIPR/C/2491/2026

अधिशाषी अभियन्ता,
भू जल विभाग, जयपुर

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, बीकानेर**

क्रमांकः-अअ / वि.खण्ड / बी. / निविदा/2025-26 / 1593 दिनांक :- 05.02.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 46 / वर्ष 2025-26 (NIB Code No PWD252605514)**

निम्न हस्ताक्षर कर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युतीकरण कार्यो के लिए मोहरबन्द निविदाएं सा.नि.वि., राज मे सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की दिनांक 05.02.2026 से 12.02.2026 तक सांय 6.00 बजे तक जमा कराई जा सकती है। तकनीकी निविदा दिनांक 13.02.2026 को प्रात 11.00 बजे खोली जायेंगी। प्री-बिड मिटिंग की दिनांक 09.02.2026 दोपहर 01.00 बजे है। निविदा की अन्य शर्ते एवं स्वीकृत तकमीना आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस के दौरान इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। अन्य शर्ते व विवरण इस कार्यालय में व डीपीआर की वेबसाईट www.dipronline.org, http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। कुल कार्यो की संख्या 01 कुल लागत 197.45 लाख ।

UBN No. 1 PWD2526WSOB22479

भवदीय
(मनोज कुमार रावत)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि. वि. विद्युत खण्ड, बीकानेर

DIPR/C/2655/2026

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
11 फरवरी, 2026

## राष्ट्र रक्षा व धर्म रक्षा के लिए जीवन में स्वाभिमान होना जरूरीः कानपुरी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित श्रीब्रजधाम राधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। व्यास पीठ पर विराजमान श्रीदशनाम सन्यास आश्रम गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज ने उपस्थित जनों को राष्ट्र रक्षा व धर्म रक्षा के लिए जीवन में वीरता व स्वाभिमान के भाव रखने की बात कही। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं से प्रकृति, पर्यावरण, पहाड़, गाय, गंगा, ग्रीनरी सहित जीव मात्र की रक्षा, सुरक्षा व सेवा करने की बात कही। कथा में प्रहलाददास स्वामी, महावीर स्वामी, राजेंद्र नागपुरिया, रूपचंद स्वामी, विनोद भास्कर, अर्जुनराम राठी, गोपाल ठेकेदार, डॉ. धर्मवीर स्वामी, रणजीत सिंह, दयाल स्वामी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नसीम बरकाती का अभिनंदन समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शेरानी आबाद स्थित मदरसा से क़ारिआ की तालीम मुकम्मल कर लौटने पर सुजानगढ़ निवासी नसीम बरकाती को क़लंदरान एज्यूकेशन एंड वेल्फेयर सोसायटी की ओर से सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद रफीक, उपाध्यक्ष हाजी रहीम बक्श खींवसर व मुमताज़ अली पठान (बीकानेर) सहित पदाधिकारियों ने क़ारिआ नसीम बरकाती को सम्मानित कर हौसला अफ़ज़ाई की। इस दौरान नसीम बरकाती के पिता रौशन पठान का भी माला व साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं क़लंदरान एज्यूकेशन एंड वेल्फेयर सोसायटी के पदाधिकारियों का लोगों ने माला व साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। सोसायटी के प्रवक्ता मोहम्मद मोईनुद्दीन ने बताया कि कार्यक्रम में यूसुफ शैख, शौकत अली, अब्दुल अज़ीज़ पठान, अब्बास अली, मांगीलाल, उस्मान ग़नी, फ़ज़लुर्रहमान, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद सईद व मौलाना आदिल, मोहम्मद हनीफ काजी, पार्षद मोहम्मद सलीम, डीडवाना से मोहम्मद शौकत, जसवंतगढ़ से मेहबूब अली, लाडनू से मोहम्मद इक़बाल, मोहम्मद यूसुफ़ व नियामत पठान, नागौर से हाजी अब्दुल सलाम व मोईनुद्दीन, बासनी से रजब अली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## कविता प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की श्री भारतीय आदर्श विद्यापीठ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में साहित्यिक गतिविधियों का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों में साहित्य के प्रति रूचि बढ़ाना और उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करना है। साहित्यिक प्रतियोगिता सप्ताह के द्वितीय दिवस पर कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक की भूमिका में महेश छिम्पा, मुकेश ?सुथार, आशीष कुमार पारीक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने की। जिन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाते हुए साहित्य के विभिन्न पहलुओं से परिचित करवाया व साहित्यक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बजरंग सुथार, विकास पारीक और द्वितीय स्थान कुशाग्र और राजेश तथा तृतीय स्थान देवी सिंह ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक लोकेश सेन, वेद प्रकाश बरोड़, सुमन चौहान, उमा भारती जांगीड़ व प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थी चंचल भाटी और प्रतिज्ञा आत्रेय ने किया।

## तारबंदी योजना बनी वरदानः आवारा पशुओं से मिली मुक्ति

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार की ओर से किसानों के कल्याण और कृषि को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों को मिल रहा है। सरकार की दूरदर्शी सोच और कृषि विभाग के सक्रिय प्रयासों ने किसानों की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी है। ऐसी ही कहानी है ग्राम पंचायत पंचगांव के प्रगतिशील किसान जितेंद्र पाठक की जिन्हें ग्राम उत्थान शिविर में तारबंदी योजना का लाभ प्राप्त हुआ। किसान जितेंद्र पाठक अपनी खेती को लेकर बेहद चिंतित रहते थे। उनकी उपजाऊ जमीन पर मेहनत से उगाई गई फसल को अक्सर आवारा पशु नष्ट कर देते थे। इससे न केवल उनकी उपज का नुकसान होता था, बल्कि फसल की रखवाली के लिए उन्हें अलग से एक व्यक्ति को काम पर रखना पड़ता था, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता था। राज्य सरकार की ओर से आयोजित ग्राम उत्थान शिविर  किसान जितेंद्र के लिए उम्मीद की किरण लेकर आया। कृषि विभाग के अधिकारियों के संपर्क में आने पर उन्हें तारबंदी योजना की जानकारी मिली। योजना से प्रेरित होकर जितेंद्र ने अपने साथी 7 अन्य कृषकों के साथ मिलकर कुल 18 बीघा भूमि पर तारबंदी के लिए सामूहिक आवेदन किया। राज्य सरकार की पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया के तहत, विभागीय गाइडलाइन के अनुसार उनके 18 बीघा खेत पर 1032 मीटर लंबी तारबंदी करवाई गई। इस कार्य के लिए कृषि विभाग की ओर से उन्हें एक लाख 23 हजार 840 रुपये का अनुदान प्रदान किया गया। जितेंद्र पाठक और उनके साथी किसान बेहद खुश हैं। उनकी फसल अब पूरी तरह सुरक्षित है और रखवाली का खर्च भी बच गया है।

# महावीर पोसवाल की गिरफ्तारी की मांग, महिलाओं ने निकाली आक्रोश रैली

### एडीशनल एसपी, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को नया बास की बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रदर्शन किया और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। नया बास स्थित शिव शक्ति मंदिर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और आमजन इकट्ठे हुए और - महावीर पोसवाल को गिरफ्तार करो के नारे लगाते हुए रैली के रूप में गांधी चौक पहुंचे। गांधी चौक पर प्रदर्शन करने बाद सभी लोग वहां से रैली के रूप में ही गणेश मंदिर स्थित कोतवाली थाने पर पहुंचे। जहां पर एएसपी के मौजूद नहीं होने के कारण करीब आधे घंटे तक लोगों को इंतजार करना पड़ा। एडीशनल एसपी दिनेश कुमार के आते ही लोगों ने फिर से प्रदर्शन कर नारेबाजी की और उनको ज्ञापन सौंपकर 1 फरवरी को नया बास में हुई महिलाओं के साथ अभद्रता की घटनाओं के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। ज्ञापन सौंपते वक्त मोहल्ले की महिलाओं ने एडीशनल एसपी को बताया कि यह आरोपी व्यक्ति पूरे मोहल्ले में लोगों को डरा धमकाकर रखता है और इसका खौफ सभी सज्जन लोगों में है। महिलाओं ने पुलिस अधिकारी को बताया कि देश के प्रधानमंत्री बेटी संरक्षण की बात कर रहे हैं, जबकि पुलिस के सामने ऐसे आरोपी खुले आम घूम रहे हैं, जो महिलाओं के साथ अभद्रता करते हैं, यह कब तक चलेगा। लोगों ने कहा कि पूजा करने गई महिलाओं से अभद्रता करने तथा महिलाओं के साथ मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद भी पुलिस ने दस दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही अब तक क्यों नहीं की है। जिस पर एडीशनल एसपी ने कहा कि पुलिस पूरे जरूरी साक्ष्य जुटा रही है और साक्ष्य जुटाने का काम पूरा होते ही आपको कार्यवाही देखने को मिलेगी। उन्होंने समुचित समाधान का आश्वासन दिया। दूसरी ओर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर तीन दिनों में आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, तो धरना शुरू किया जाएगा। इस दौरान राधा देवी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, नरेंद्र प्रजापत, अमिता बगड़िया, एडवोकेट मनीष दाधीच, विजय चौहान, प्रेम स्वामी, पार्षद रेंवतमल पंवार, वीरेंद्र स्वामीह, डालाराम प्रजापत, रूपा प्रजापत रविन्द्र पाण्डे, महेश जोशी, पार्षद मनोज पारीक, पन्नालाल सोनी, मनीष मालपानी, सांवतसिंह, विक्की काछवाल, किरणदेवी, कंचन, मंजू, सीतादेवी, सुशीला, किस्तूरी, रामप्यारी, गीता, धनवन्ती सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही। दूसरी ओर मामले को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष मीणा को भी ज्ञापन सौंपकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई।

## सहायक अभियंता ने किया गौरव पथ का निरीक्षण

### घटिया सामग्री पर कार्रवाई की चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** कस्बे में चल रहे गौरव पथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विकास यादव ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गहन जांच की और कार्य में उपयोग किए जा रहे इंटरलॉक नमूनों को जांच के लिए अपने साथ लिया। सहायक अभियंता यादव ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में केवल उच्च गुणवत्ता की सामग्री ही उपयोग में ली जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कहीं भी घटिया निर्माण सामग्री पाई गई, तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान यादव ने कस्बेवासियों से भी अपील की कि क्षेत्र में विकास कार्य जारी हैं और कुछ लोग इन्हें लेकर अफवाहें फैला रहे हैं। ऐसे में आमजन अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि वास्तव में निर्माण कार्य में कोई कमी या अनियमितता नजर आए, तो विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते सुधार किया जा सके। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। विभागीय अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि गौरव पथ निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूरा कराया  जाएगा।

## राजस्थान में सेवा व संस्कार के भाव देखने को मिलते हैंः स्वामी अक्षयानंद महाराज

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के कन्दोई बगीची में आयोजित संगीतमय भव्य मद्भागवत महापुराण कथा में श्रद्धा आस्था व भक्ति का सैलाब उमड़ रहा हैं। श्रोताओं की भारी भीड़ को सम्बोधित करते हुए व्यास पीठ पर विराजमान स्वामी अक्षयानंद महाराज हरिद्वार ने सेवा भावना पर बल देते हुए कहा कि यह बात मैंने राजस्थान में देखी है कि यहां सेवा व संस्कार के भाव देखने को मिलते हैं। कथा में विदुर व विदुरानी के कृष्ण भगवान के प्रति भक्ति का बहुत ही रोचक व भावपूर्ण विवेचन किया गया। वराह अवतार की कथा सुनकर श्रौता भाव-विभोर हो गये। महाराज ने कथा के दोरान कहा कि मैं तीन सन्तों से बहुत अधिक प्रभावित हुं। जिनमें गुरुदेव पथिक महाराज परम श्रद्धेय वितराग सन्त व स्वामी रामसुखदास महाराज व सन्त शरणानन्द महाराज। कथा के दोरान संगीत मण्डली की ओर से शानदार भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। जिसने श्रोताओं को झुमने पर मजबूर कर दिया है। कथा प्रारंभ से पुर्व यजमान परिवार सुखदेव प्रसाद, मधुसूदन कौशिक ?ने व्यास पीठ की पूजा कर कथावाचक श्रद्धेय स्वामीजी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कौशिक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कथा के पश्चात मेहमानों का यजमान परिवार ने शॉल ओढ़ाकर व भगवान शिव, विष्णु, राम दरबार व राधा कृष्ण की तस्वीर देकर सम्मान किया। कथा में शोभाकान्त स्वामी, शंकरलाल प्रेमाणी, तेजपाल चौधरी, प्रमोद जोशी, सुरेश शर्मा, शिवप्रसाद पारीक, सत्यनारायण पारीक, देवकीनंदन रोहिल्ला सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

**कठिनाइयों में भी ईश्वर स्मरण का संदेश**

## जगद्गुरु निम्बार्काचार्य ने सुनाई ध्रुव-प्रह्लाद चरित्र की प्रेरक गाथा

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** सांगानेर के जगन्नाथपुरा क्षेत्र में आयोजित भागवत रस वर्षण के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का भावपूर्ण वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर जगद्गुरु निम्बार्काचार्य श्याम शरण देवाचार्य श्रीजी महाराज ने अपने श्रीमुख से ध्रुव व भक्त प्रह्लाद के चरित्र की महिमा का विस्तार से वर्णन किया और जीवन में कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी ईश्वर स्मरण न छोड़ने का संदेश दिया। निम्बार्क पीठ के परिकर सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि कथा में जगद्गुरु श्रीजी महाराज ने वर्तमान समय की सामाजिक स्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आजकल बच्चे छोटी-छोटी बातों, पढ़ाई के दबाव या माता-पिता की डांट से मानसिक अवसाद में आ जाते हैं और भावावेश में गलत कदम उठा लेते हैं। ऐसे में आज के युवाओं और बच्चों को भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। जगद्गुरु श्रीजी महाराज ने कहा कि जीवन में कितने ही कष्ट क्यों न आएं, मन को विचलित नहीं होने देना चाहिए। ईश्वर कठिन से कठिन परीक्षा लेते हैं, लेकिन जो व्यक्ति निरंतर  'मेरे कृष्ण, मेरे गोविंद' का स्मरण करता है, वह हर संघर्ष से उबर जाता है। ध्रुव और प्रह्लाद के जीवन में असंख्य यातनाएं आईं, लेकिन वे न घबराए, न डगमगाए। इसी अडिग भक्ति के कारण आज भी सदियों बाद उनका स्मरण श्रद्धा से किया जाता है। भागवत रस वर्षण कथा के आयोजक हनुमान कंडीरा ने परिवार सहित आरती की। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कथा के दौरान श्रोताओं ने भाव-विभोर होकर भक्ति रस का आनंद लिया और संदेशों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया ।

**कराटे में तोदी पीजी कॉलेज का दबदबा**

## अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण व 3 रजत पदक जीतकर रचा इतिहास

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ग्रामीण महिला महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में स्थानीय भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल सात महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। तोदी पीजी कॉलेज के सुरेन्द्र खीचड़ ने 75 किग्रा, प्रवीण भूखर ने 84 किग्रा तथा लक्ष्य स्वामी ने 60 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं मनभूषण ने 55 किग्रा, रोहन टाक ने 67 किग्रा और नीरज शर्मा ने 84 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय ने अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में दूसरी बार भाग लेकर यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पूर्व गत सत्र में भी महाविद्यालय के चार खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, जिससे कॉलेज की खेल प्रतिभा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता सिद्ध होती है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत, सचिव आशकरण शर्मा, प्रबंधक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत, शारीरिक शिक्षक लिछमण सिंह सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**सूचना अधिकार की अनदेखी पड़ी भारी**

## रतनगढ़ जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता पर 5 हजार का जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत मांगी गई जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराने पर जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता पर राज्य सूचना आयोग ने 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आयोग ने इसे राजकीय कर्तव्य के प्रति लापरवाही और हठधर्मिता माना है। प्रकरण के अनुसार, प्रार्थी मोहनलाल मारू ने आरटीआई के तहत द्वारिकाप्रसाद फोगला के नाम से जारी जल कनेक्शन से संबंधित जानकारी मांगी थी। इस पर अधिशाषी अभियंता महेन्द्र काटिवाल ने जानकारी को तृतीय पक्षीय बताते हुए देने से इनकार कर दिया। इसके बाद प्रार्थी ने प्रथम अपील अतिरिक्त मुख्य अभियंता के समक्ष दायर की। अपील की सुनवाई में आयुक्त ने प्रार्थी को मकान क्रय से संबंधित विधिक दस्तावेज तहसीलदार राजलदेसर से प्रमाणित कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के बावजूद भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। अंततः प्रार्थी ने राज्य सूचना आयोग में धारा 19(1)(ड़) के तहत द्वितीय अपील दायर की। आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद अधिशाषी अभियंता को दोषी ठहराते हुए कहा कि अधिकारी की ओर से सूचना देने में अनावश्यक देरी और टालमटोल की गई, जो आरटीआई अधिनियम का उल्लंघन है। इसी आधार पर आयोग ने दंड स्वरूप 5,000 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया। आयोग के इस निर्णय को सूचना अधिकार कानून के सख्त अनुपालन की दिशा में अहम माना जा रहा है और इसे अधिकारियों के लिए स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि आरटीआई मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**पायलट सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी थेः महनसरिया**

## पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की जयंती पर दिव्यांगों और मूक बधिर बच्चों को भोजन व पाठ्य सामग्री वितरित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री  राजेश पायलट की 80वीं जयंती मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने मधुर स्पेशल शिक्षण संस्थान में दिव्यांग व मूक बधिर बच्चों को भोजन व पाठ्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने कहा कि राजेश पायलट एक लोकप्रिय जननेता थे। आमजन में उनका प्रभावशाली वर्चस्व था। वे सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी थे। महनसरिया ने कहा कि हमें आज इस बात की खुशी है, कि उनके बेटे आईसीसी के महासचिव व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट आमजन के दिलों में बसने वाले नेता बन गए हैं। कार्यक्रम को महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सुनीता कपूरिया, निदेशक अंजू नेहरा व पूर्व जिला परिषद् सदस्य उमाशंकर शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राजेश पायलट के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद विजय सारस्वत, गिरधारी लाल नेहरा, गजानंद महर्षि, खुशी मोहम्मद चायल, शारदा देवी, राकेश कंवर, सुदेश जाखड़, नीतू कंवर, यूनुस खान जेनान, सत्तार लोहार, यूसुफ खां, अमर सिंह दनेवा, किसनाराम बाबल, सुनीता बाकोलिया, शर्मिला भाकर, विनोद खटीक, कालूराम महर्षि सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

# गोष्ठियों-प्रशिक्षणों से कृषकों को खाद, उर्वरकों के उपयोग के बारे में करें जागरूकः सुराणा

### जिला कलक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि, उद्यानिकी व कृषि विपणन विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि विभागीय योजनाओं में प्राप्त लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करवाएं। जिले में फार्म पौण्ड व तारबंदी योजना सहित फ्लैगशिप योजनाओं के लक्ष्य को अति शीघ्र पूर्ण करने के लिये कार्य योजना बनाकर काम करें, जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके। प्रत्येक ब्लॉक वार और कृषि पर्यवेक्षक वार योजनाओं की क्रियान्विति कर मॉनीटरिंग की जाए तथा अपेक्षित प्रगति लाएं। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि कृषक गोष्ठियों व प्रशिक्षणों से कृषकों को मृदा में ऑर्गेनिक कार्बन बढ़ाने के लिए सुपर कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट खाद, हरी खाद व गोबर खाद के उपयोग के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मृदा में जिंक व फेरस जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी पाई गई है। इसलिए कृषकों को अपने खेत की मृदा की जांच मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में करवाकर प्राप्त सॉयल हेल्थ कार्ड में दिए गए सुझाव के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरक व सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे जिंक सल्फेट व फेरस सल्फेट के उपयोग के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। कृषि विस्तार संयुक्त निदेशक कैलाश चन्द्र ने विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की प्रगति तथा विभागीय कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान उद्यानिकी उपनिदेशक डॉ. धर्मवीर डूडी, सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा, कविता सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी,  सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013  मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com  *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

CMYK

# किसान नेता राजेश पायलट का जयंती समारोह मनाया



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू/बड़ागांव।** समीपवर्ती केसरीपुरा गांव स्थित हीरामल देव महाराज के मंदिर पर मंगलवार को किसान नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट का जयंती समारोह मनाया गया। पूर्व सरपंच शीशराम खटाणा मीन सेना प्रमुख सुरेश मीणा किशोरपुरा व पायलट किसान संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश खटाणा किशोरपुरा के आतिथ्य में स्व राजेश पायलट के फोटो चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राजेश पायलट आजाद भारत के बड़े कद्दावर नेता थे। उन्होंने समाज देश के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये जिनको सदेव याद रखा जाएगा। इस मौके पर देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर केसरीपुरा, सुल्तान कसाणा चंवरा, सुभाष चन्द्र धाबाई किशोरपुरा, राकेश कुमार, सुनील कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## शिव भक्ति और सेवा का संगमः शिव प्रतिमा व मोक्ष धाम टिन शेड का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** ग्राम भोमपुरा में 8 फरवरी को भामाशाह विधाधर गिल व उनके परिवार के सहयोग से निर्मित भव्य शिव प्रतिमा तथा मोक्ष धाम में बनाए गए टिन शेड का लोकार्पण समारोह श्रद्धा व गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। लोकार्पण विधायक राजेंद्र भाम्बू ने किया। कार्यक्रम में विश्म्भर पुनिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृष्ण महला, हरपाल (सरपंच बीबासर), उम्मेद श्योराण, राजू चाहर, रामचन्द्र गढ़वाल, सुरेश कुमार शर्मा, मनोज शर्मा (भोमपुरा), चांद सिंह (तोगड़ा खुर्द), मुकेश (पातुसरी), भगवाना राम खीचड़ तथा बनवारी टेलर सहित अनेक नागरिक व ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र भाम्बू ने भामाशाह विधाधर गिल व उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सामाजिक व धार्मिक कार्य न केवल ग्राम विकास को गति देते हैं, बल्कि समाज में सद्भाव, सेवा और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी इस पुनीत कार्य के लिए भामाशाह परिवार के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया। समारोह का समापन श्रद्धा, भक्ति व सामाजिक समरसता के भावपूर्ण वातावरण में हुआ।



## संवेदनशील प्रशासन ने बदली तीन मासूमों की तक़दीर

### मंडावा में घुमन्तु व अर्ध-घुमन्तु परिवारों के लिए विशेष कैंप बना आशा की किरण

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** मंडावा तहसील में घुमन्तु व अर्ध-घुमन्तु समुदाय के लिए आयोजित विशेष कैंप ने संवेदनशील प्रशासन का मानवीय चेहरा उजागर किया है। वर्षों से पहचान, अधिकार और सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाने वाले परिवारों के लिए यह कैंप आशा और विश्वास की नई शुरुआत बनकर सामने आया। कैंप के दौरान एक घुमन्तु परिवार का अत्यंत मार्मिक प्रकरण सामने आया, जिसमें तीन मासूम बच्चों और उनके पिता के पास जन्म प्रमाण पत्र सहित कोई भी वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। दस्तावेजों के अभाव में बच्चों का विद्यालय में प्रवेश संभव नहीं हो पा रहा था, जिससे उनका भविष्य अंधकार की ओर बढ़ता जा रहा था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उपखंड अधिकारी मुनेश कुमारी ने संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रकरण का तत्काल संज्ञान लिया। बच्चों की शिक्षा बाधित होने की सूचना को गंभीर मानते हुए उन्होंने बिना किसी विलंब के जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी गुंजन बाला की ओर से मौके की वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए की गई अनुशंसा के आधार पर तहसीलदार डॉ सुरेन्द्र भास्कर एवं नायब तहसीलदार मुकेश सिहाग ने प्रशासनिक सहानुभूति का परिचय देते हुए तीनों बच्चों तथा उनके पिता सुनील कुमार के जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की अनुज्ञा प्रदान की। यह पहल केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि उन बच्चों के भविष्य को नई दिशा देने वाला मानवीय और संवेदनशील कदम है। अब यह परिवार शिक्षा, पहचान और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ने की ओर अग्रसर होगा। मंडावा तहसील की ओर से आयोजित यह कैंप सामाजिक न्याय, करुणा और सुशासन का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया है, जो घुमन्तु व अर्ध-घुमन्तु समुदाय के लिए विश्वास, सम्मान और अधिकारों की मजबूत नींव रखता है।

## गोपालपुरा में विधिक चेतना शिविर कल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू की ओर से जिला प्रशासन के सहयोग से बड़ा विधिक सेवा शिविर 12 फरवरी को गोपालपुरा गांव में आयोजित किया जायेगा। पशु चिकित्सालय के सामने आयोजित होने वाले इस शिविर में आम लोगों को उपयोगी विधिक जानकारी दी जाएगी। तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप भाटी के निर्देशानुसार नागरिकों को विधिक शिविर की जानकारी देने के लिए मंगलवार को गोपालपुरा में पी एल वी अशोक तिवाड़ी, विजयपाल श्योराण, मयंक त्रिर्वेदी ने व्यापक प्रचार अभियान चलाया। शिविर में अनेक विभागों की हेल्प डेस्क लगेंगी। जिसमें जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने, पात्र लोगों को आवेदन में सहायता करने आदि काम किये जाएंगे। सुजानगढ़ तालुका सचिव वंदना कंवर ने बताया कि शिविर में जिला स्तर के सक्षम न्यायिक अधिकारी आएंगे और उपखंड स्तर के अनेक विभागों के अधिकारी भी रहेंगे।

# झुंझुनूं में जनगणना के प्रथम चरण के लिए प्रशिक्षण आयोजित, डिजिटल व पारदर्शी होगी पूरी प्रक्रिया

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण व मकान गणना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए जिला व चार्ज स्तर पर नियुक्त नियमित सहायकों का प्रशिक्षण मंगलवार को सूचना केंद्र सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कलेक्टर व प्रमुख जनगणना अधिकारी कैलाश चंद्र यादव के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यवाहक प्रमुख जनगणना अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि जनगणना राष्ट्र का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पूरी गंभीरता, शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना पूर्णतया डिजिटल व पारदर्शी पद्धति से की जाएगी, जिससे आंकड़ों की विश्वसनीयता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेगी। प्रशिक्षण सत्र में जनगणना निदेशालय जयपुर से आए सहायक निदेशक महेश कुमार व मास्टर ट्रेनर व जिला समन्वयक सुभाष यादव ने अधिकारियों को विस्तृत तकनीकी जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि जनगणना प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। सर्वप्रथम 1 से 15 मई तक स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की जाएगी, जिसमें नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात 16 मई से 14 जून तक प्रगणकों की ओर से घर-घर जाकर जनगणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनगणना का समस्त कार्य सीएमएमएस पोर्टल (सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम) एवं विशेष मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा। इससे न केवल कार्य में तेजी आएगी बल्कि डाटा संग्रहण भी त्रुटिरहित होगा। अधिकारियों को मोबाइल एप के उपयोग, प्रश्नावली भरने की प्रक्रिया, मकानों के वर्गीकरण व सूचीकरण से संबंधित बारीकियों की व्यवहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर व जिला जनगणना अधिकारी अजय कुमार आर्य ने चार्ज जनगणना अधिकारियों व अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता व समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए।

उप जिला जनगणना अधिकारी व आर्थिक व सांख्यिकी विभाग की उपनिदेशक पूनम कटेवा ने अधिकारियों को अभिलेख संधारण, फील्ड मॉनिटरिंग, तकनीकी समस्याओं के समाधान तथा आमजन से समन्वय स्थापित करने संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रगणकों को उत्तरदाता की ओर से दी गई जानकारी पूर्णत गोपनीय रहेगी। अतः आमजन जनगणना के दौरान प्रगणकों को अपने मकान की सही जानकारी सही उपलब्ध करायें। प्रशिक्षण के दौरान जिले के 4 जिला स्तरीय तथा 38 चार्ज स्तरीय अधिकारियों को विधिवत प्रशिक्षण दिया गया।

# सर्व समाज के लोगों ने किसान अधिकार दिवस के रूप में मनाई राजेश पायलट की जयंती




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शहर के कलेक्ट्रेट परिसर के पास स्थित शहीद स्मारक पर मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री व किसान नेता स्व राजेश पायलट की 81 वीं जयंती समारोह को किसान अधिकार दिवस के रूप में धूम धाम से मनाया गया। राजेश पायलट किसान संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश खटाणा, देव सेना के सचिव धर्म पाल, आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, सेवादल काग्रेस के जिला अध्यक्ष हारुण कुमार लालपुर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल ग्रेट, गुर्जर समाज के नेता व पूर्व सरपंच शीशराम खटाना के नेतृत्व में मनाए गए इस जयंती समारोह में पायलट साहब के फोटो चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। आदिवासी नेता सुरेश मीणा किशोरपुरा ने कहा कि राजेश पायलट किसानों ओर गरीबों के सच्चे हिमायती थे। वह कहते थे कि जब तक किसान मजदूर गरीब का बेटा उन कुर्सियों पर नहीं बैठेगा जहां से देश की नीतियों का निर्माण होता है, तब तक देश का भला नहीं हो सकता। मीणा ने कहा कि आज उनके विचार 21 वी शताब्दी के भारत में अब चरितार्थ हो रहे हैं। उन्होंने दौसा करोली, सवाईमाधोपुर इलाके में मीणा और गुर्जर समाज के दोस्ताना संबंधों को सदैव बरकरार रखा। पूर्व सरपंच शीशराम खटाणा, कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल ग्रेट व देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मीन सेना प्रमुख सुरेश मीणा किशोरपुरा ने बताया कि पायलट किसानों शोषितों वंचितों के मसीहा थे। मीणा व गुर्जर समाज के संबंधों को प्रगाढ़ करने के असली नायक थे। पूर्व सरपंच शीशराम खटाणा,कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल ग्रेट, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष हारुण लालपुर, देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर केसरीपुरा, पायलट किसान संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश खटाणा किशोरपुरा, सुल्तान कसाणा चंवरा, सुभाष चन्द्र धाबाई, जयकरण गुर्जर बुडाणा, रामसिंह गुर्जर बागोली, राकेश गुर्जर, सुरेन्द्र गुर्जर सवाईमाधोपुर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सूरजगढ़ में आस्था का महाकुंभः 9 दिन गूंजेगी श्रीमद्भागवत कथा

### 5 गांवों की सहभागिता से सजेगा ऐतिहासिक मेला

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** सूरजगढ़ क्षेत्र में स्थित गांव सुजडोला फरवरी माह में भक्ति, आनंद और सनातन चेतना का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। 17 से 25 फरवरी तक आयोजित होने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा और इसके पश्चात 25 से 27 फरवरी तक होने वाले ऐतिहासिक धार्मिक मेले को लेकर पूरे इलाके में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। यह आयोजन बाबा आकाश गिरी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा, जिसमें कथावाचक आनंद कृष्ण महाराज भक्तों को भक्ति रस से सराबोर करेंगे।

### सुजडोला में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजनः

सूरजगढ़ क्षेत्र के गांव सुजडोला में 17 फरवरी से 25 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का विशाल आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में कथावाचक आनंद कृष्ण महाराज अपने ओजस्वी प्रवचनों और भावपूर्ण कथावाचन के माध्यम से भगवान कृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और सनातन मूल्यों का जीवंत वर्णन करेंगे। कथा आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### कलश यात्रा से होगा कार्यक्रम का शुभारंभः

आयोजन की शुरुआत 17 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। जानकारी साझा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी महेश बसावतिया ने बताया कि इस कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर गांव की गलियों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेंगी। ढोल-नगाड़ों, भजनों और जयघोष के साथ निकाली जाने वाली यह यात्रा धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनेगी।







### समाधि स्थलों पर सजेगा ऐतिहासिक धार्मिक मेलाः

25 फरवरी को गांव सुजडोला स्थित बाबा मठीवाला, बाबा काशीपुरी और बाबा मोहन गिरी के समाधि स्थलों पर भव्य धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 27 फरवरी तक चलेगा, जिसमें सुजडोला, बास, दमकोरा, लीखवा और छापड़ा गांवों की सामूहिक सहभागिता रहेगी। तीन दिवसीय यह आयोजन पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देगा।

### दूर-दराज से पहुंचेंगे श्रद्धालु और संत-महात्माः

पूरे दस दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान मेला स्थल पर धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की भव्य छटा देखने को मिलेगी। क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज से संत-महात्मा, श्रद्धालु और भक्तजन इस आयोजन में शिरकत करेंगे। आयोजन को लेकर गांव को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

### सामाजिक एकता और सनातन संस्कृति का संदेशः

इस भव्य आयोजन के आयोजक समस्त ग्रामवासी हैं, जिन्होंने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक लाभ लेने की अपील की है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपराओं को सशक्त करने का भी संदेश देगा।

# सड़क हादसे में दो घायल

**सुजानगढ़** स्थानीय मेगाहाईवे स्थित गोपालपुरा चौराहा के पास हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। जबरदस्त एक्सीडेंट में मोटरसाइकिल सवार दो लडके पवन व ओमप्रकाश निवासी खिचड़ कॉलोनी सुजानगढ़ घायल हो गए। जिनको राहगीर लक्ष्मण सिंह, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया ने सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर परिजनों और पुलिस को सूचित किया।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)**

E- Mail Address - eonp.sdlp@yahoo.in Fax & Phone :- 01559 – 222039

क्रमांक :–न.पा.रा. / निर्माण / 2025–26 / 7517 दिनांक :– 06.02.2026

**निविदा सूचना / 2025–26**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / प्लेसमेन्ट एजेन्सियों / कम्पनीयों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका राजगढ़ द्वारा वर्ष 2025–26 के लिए निविदा आमन्त्रण की जा रही हैं। निविदा दिनाकं 13.02.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक विक्रय की जाकर दिनांक 13.02.2026 को सांय 05:00 बजे तक प्राप्त किये जावेगें एवं निविदा उक्त दिवस को सवेंदको / फर्मधारकों व सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में खोली जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं।

NIB Code - DLB2526B1235

| S.R. No. | UBN No. | S.R. No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB33219 | 17 | DLB2526WSOB33238 |
| 2 | DLB2526WSOB33221 | 18 | DLB2526WSOB33239 |
| 3 | DLB2526WSOB33223 | 19 | DLB2526WSOB33240 |
| 4 | DLB2526WSOB33224 | 20 | DLB2526WSOB33179 |
| 5 | DLB2526WSOB33226 | 21 | DLB2526WSOB33180 |
| 6 | DLB2526WSOB33227 | 22 | DLB2526WSOB33181 |
| 7 | DLB2526WSOB33228 | 23 | DLB2526WSOB33182 |
| 8 | DLB2526WSOB33229 | 24 | DLB2526WSOB33183 |
| 9 | DLB2526WSOB33230 | 25 | DLB2526WSOB33184 |
| 10 | DLB2526WSOB33231 | 26 | DLB2526WSOB33185 |
| 11 | DLB2526WSOB33232 | 27 | DLB2526WSOB33186 |
| 12 | DLB2526WSOB33233 | 28 | DLB2526WSOB33187 |
| 13 | DLB2526WSOB33234 | 29 | DLB2526WSOB33188 |
| 14 | DLB2526WSOB33235 | 30 | DLB2526WSOB33189 |
| 15 | DLB2526WSOB33236 | 31 | DLB2526WSOB33190 |
| 16 | DLB2526WSOB33237 | | |

राज.संवाद / सी / 25 / 19477 अधिशाषी अधिकारी

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE CHURU**

e-mail: sephedchuru@gmail.com secircle.chu.phed@rajasthan.gov.in

S.NO/TA/Churu/2025-26/ 4889-4917 Dated 30.0/2026

**E-NOTICE INVITING BID 33-34/2025-26**

Bids for 02 nos. works of total Rs. 200.00 lacs at Churu district are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 12.02.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state state and eproc.rajasthan.gov.in.

UBN-PHE2526WSRC12411
UBN-PHE2526WSRC12412

DIPR/C/2495/2026

**Superintending Engineer, PHED, Circle Churu.**

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE CHURU**

secircle.chu.phed@rajasthan.gov.in e-mail: sephedchuru@gmail.com

S.NO/TA/Churu/2025-26/4850-4879 Dated 28.01.2026

**E-NOTICE INVITING BID 27-32/2025-26**

Bids for 04 nos. works of total Rs. 740.00 lacs at Churu district are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 12.02.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and eproc.rajasthan.gov.in.

UBN-PHE2526WSRC12174
UBN-PHE2526WSRC12188
UBN-PHE2526WSRC12190
UBN-PHE2526WSRC12198
UBN-PHE2526WSRC12200
UBN-PHE2526WSRC12202

DIPR/C/2497/2026

**Superintending Engineer, PHED, Circle Churu.**

**कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

कमांक- न.प. सु. / भूमि शाखा / 2026 / 11369 दिनांक 10-02-2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा 69-क के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क.सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | पता | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री प्रवीण कुमार सारण पुत्र श्री भंवरलाल सारण | सुजानगढ़ | JB रोड़ से दक्षिण की तरफ वार्ड न. 48 | 47.61 | व्यावसायिक |

**आयुक्त**
**नगरपरिषद, सुजानगढ़**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304**

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 2273-2287 दिनांक 02.02.2026

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www. dipr. rajasthan. gov.in.http// sppp.rajasthan.gov.in, and http//eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 12-02-2026 (02:00 PM)

| Sr.No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 97/2025-26 | PHE2526WSOB12885 |
| 2 | 98/2025-26 | PHE2526WSOB12886 |
| 3 | 99/2025-26 | PHE2526WSOB12887 |
| 4 | 100/2025-26 | PHE2526WSRC12888 |
| 5 | 101/2025-26 | PHE2526WSRC12889 |
| 6 | 102/2025-26 | PHE2526WSOB12890 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/2490/2026

**Executive Engineer,**
**PHED Division Taranagar**
**Contact- 98871-81073**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 2934-2947 Date: 02-02-2026

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 48/2025-26 Annual Rate contract for Flushing/ Deepening work in existing Tubewell/ DCB of various water supply schemes under PHED Div Churu and Nit no 49/2025-26 Rate Contract for Removing of Leakages of Pipe Line, Choke Removing & Water Connection Shifting at various RWSS under PHED Disst. Sub Div churu are invited form interested bidders upto 12-02-2026 (17:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 48/2025-26 Rs. 15.00 Lacs. and Nit no 49/2025-26 Rs. 05.00 Lacs.

UBN No. PHE 2526 WSRC 12899 RS 15.00 Lacs.
UBN No. PHE 2526 WSRC 12900 RS 05.00 Lacs.

DIPR/C/2488/2026

**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**

## बड़ी सिंघावली में कक्षा 12 के विद्यार्थियों की भावभीनी विदाई



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** सीमावर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी सिंघावली में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं की ओर 'शुभकामना-2026' विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या राजन्ती मीना ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विदाई गीत और समूह नृत्य प्रस्तुत किए। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार जताया, जिससे माहौल भावुक हो गया। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता को सफलता की कुंजी बताया तथा बोर्ड परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ अध्यापक सत्येंद्र सिंह चंदेल ने इसे एक पड़ाव बताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि हरिओमपाल सिंह व नारायण सिंह सिंघावली ने भी शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न भेंट किए। अंत में राजेश कुमार, राजेश सिंह, हरिओम सिंह, सुखवीर सिंह सहित शिक्षकों ने आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का समापन जलपान व राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## पीसीसी कार्यसमिति बैठक में उपाध्यक्ष मोहन प्रकाश त्यागी की टीम शामिल



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रदेश खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमीन पठान की अध्यक्षता में पीसीसी कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में धौलपुर से प्रदेश खेल प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष व भरतपुर संभाग प्रभारी मोहन प्रकाश त्यागी अपनी टीम के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर नव नियुक्त युवा जिला अध्यक्ष धौलपुर गुड्डू लोधा (राधिका रेस्टोरेंट) सहित ब्लॉक अध्यक्षों की टीम को अमीन पठान द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। बैठक में शामिल पदाधिकारियों ने अमीन पठान का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें पीतल का गदा, 21 किलो की फूल माला, बुके एवं उनकी तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सी. पी. जोशी का जोरदार स्वागत किया गया। जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी को मिलकर कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाना है। वहीं अमीन पठान ने कहा कि प्रदेश में खेलों को अधिक बढ़ावा देना और राहुल गांधी के हाथ मजबूत करना संगठन की प्राथमिकता है। बैठक में कुबरपाल कुशवाह, धर्मेंद्र त्यागी, जगदीश कुशवाह, रामू कुशवाह, कंबोद सिंह लोधी, प्रेम सिंह कुशवाह, रामसहाय कुशवाह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चार कुर्सियों पर एक अफसर, सुनवाई को तरसती जनता: सुमेरपुर में प्रशासकीय शासन बना जन पीड़ा का पर्याय !

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** राजस्थान में स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं में लागू प्रशासकीय शासन अब अस्थायी व्यवस्था न रहकर आमजन की रोज़मर्रा की मुश्किल बनता जा रहा है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अभाव में जनता की आवाज़ फाइलों, तारीखों और 'साहब बाहर हैं' जैसे जवाबों में दबकर रह गई है। एक अधिकारी, चार संस्थाएँ—कौन सुनेगा जनता की बात? सुमेरपुर क्षेत्र में हालात इस कदर बिगड़े हैं कि एक ही अधिकारी को

– उपखंड अधिकारी,
– सुमेरपुर नगरपालिका प्रशासक,
– पंचायत समिति सुमेरपुर प्रशासक,
– तथा तखतगढ़ नगरपालिका प्रशासक

जैसी चार-चार अहम जिम्मेदारियाँ सौंप दी गई हैं। प्रशासनिक मजबूरी के नाम पर बनी यह व्यवस्था अब शासन और जनता के बीच दूरी बढ़ा रही है—अफसर चार कुर्सियों पर, जनता हर चौखट पर।

**नाली, सड़क, पानी—हर समस्या बनी 'लंबित फाइल':**
जाम नालियाँ, टूटी सड़कें, बाधित जलापूर्ति, चरमराती सफाई, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन और पट्टों की अटकी फाइलें—ये वे मुद्दे हैं जो पहले पार्षदों और सरपंचों तक पहुँचते थे। संवाद था, दबाव था। अब जनता सीधे कार्यालयों की ओर देख रही है, जहाँ अधिकारी कभी उपखंड में, कभी नगरपालिका में और कभी पंचायत समिति के कामों में उलझे रहते हैं। नतीजा—जनसुनवाई सीमित, फैसले विलंबित और जवाबदेही लगभग शून्य।

**दबाव में अफसर, बेबस नागरिक:**
यह भी सच है कि इस व्यवस्था में केवल जनता ही नहीं, प्रशासन भी दबाव में है। उपखंड अधिकारी के मूल दायित्व ही इतने व्यापक हैं कि उनसे तीन स्थानीय निकायों की नियमित देखरेख की अपेक्षा व्यवहारिक नहीं लगती। यह ढांचा न प्रशासन को प्रभावी बना पा रहा है, न आमजन को राहत।

**16 माह से प्रशासकीय शासन, बढ़ती जननाराज़गी:**
सुमेरपुर नगरपालिका का कार्यकाल नवंबर 2024 में समाप्त हुआ—करीब 16 माह से प्रशासकीय शासन जारी है। पंचायत समिति सुमेरपुर का कार्यकाल भी तीन माह पहले पूरा हो चुका है। अब तखतगढ़ नगरपालिका में भी प्रशासक नियुक्त हो गया है। लंबे प्रशासकीय शासन ने जनता में यह भावना गहरा दी है कि उनकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं। लोकतंत्र केवल व्यवस्था नहीं, जनता की आवाज़ है संविधान में प्रशासकीय शासन को अस्थायी समाधान माना गया है, स्थायी विकल्प नहीं। निर्वाचित स्वशासन लोकतंत्र की रीढ़ है। जब ये संस्थाएँ लंबे समय तक निष्क्रिय रहती हैं, तो जनविश्वास टूटता है। अब सवाल सीधा है—क्या राज्य सरकार स्थानीय निकाय चुनाव कराकर जनता को उसका प्रतिनिधित्व लौटाएगी, या प्रशासकीय शासन का यह बोझ जनता यूँ ही उठाती रहेगी?

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** शहर में मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के उपलक्ष्य में पीजी कॉलेज, धौलपुर और पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, धौलपुर में साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता के प्रसार के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दोनों कार्यक्रम जिला कलेक्टर, धौलपुर की ओर से दिए गए निर्देशों व एनआईसी, धौलपुर के सहयोग से आयोजित किए गए। कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष वर्मा व अति जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अजय सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों व शिक्षकों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के प्रति जागरूक करना था। दोनों कार्यक्रमों में लगभग 100- 100 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन सावधानियों तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को वर्तमान में प्रचलित साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया गया। विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट स्कैम के बारे में विस्तार से समझाया गया कि किस प्रकार साइबर अपराधी स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर वीडियो कॉल या फोन कॉल के माध्यम से लोगों को भयभीत करते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि कोई भी सरकारी एजेंसी इस प्रकार फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से पूछताछ नहीं करती। इसके अलावा ओटीपी फ्रॉड, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, सोशल मीडिया, ई-मेल अकाउंट हैकिंग व अन्य ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के तरीकों के बारे में जागरू किया। प्रतिभागियों को साइबर हाइजीन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जैसेकृ मजबूत एवं गोपनीय पासवर्ड रखना, संदिग्ध लिंक व कॉल से सावधान रहना, निजी व बैंकिंग जानकारी साझा न करना तथा केवल विश्वसनीय वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप का ही उपयोग करना। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी हो जाती है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा बलइमतबतपउमण्हवअण्पद पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सुरक्षित व जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग का संकल्प लिया। इस अवसर पर पीजी कॉलेज, धौलपुर के प्राचार्य गिरराज मीना व केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य मनमथ शर्मा भी उपस्थित रहे।

# साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण व जागरूकता कार्यक्रम

### जिला पुलिस व बैंकों के बीच मजबूत समन्वय के लिए बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध की रोकथाम, सायबर जागरूकता व बैंक और एटीएम की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने जिले के समस्त बैंक प्रबंधकों व अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बैठक में साइबर अपराध रोकने के लिए पुलिस व बैंकों के बीच मजबूत समन्वय होना जरूरी है। उन्होंने शहर के समस्त बैंकों के प्रबंधकों के साथ समन्वय बैठक में साइबर अपराध, बैंकिंग धोखाधड़ी, ऑनलाइन फ्रॉड, संदिग्ध लेन-देन, एटीएम व बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बैंक प्रबन्धको को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या साइबर फ्रॉड की सूचना तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराई जाए, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही बैंक प्रबंधकों से अपेक्षा की गई कि वे ग्राहकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति लगातार जागरूक करें तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा असर आम नागरिकों की मेहनत की कमाई पर पड़ता है। ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस और बैंकों के बीच मजबूत समन्वय अत्यंत आवश्यक है। किसी भी संदिग्ध लेन-देन, साइबर फ्रॉड अथवा धोखाधड़ी की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते साइबर थाना पुलिस द्वारा कठोर व उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस जनधन की सुरक्षा एवं साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए हर संभव कदम उठा रही है और भविष्य में भी बैंकों के साथ निरंतर समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा। बैठक के अंत में पुलिस एवं बैंक अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में बैंक व एटीएमो की सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिले की बैंको के अधिकारी, यातायात पुलिस प्रभारी बलविंदर सिंह सहित सायबर थानों के अधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहें।

# लंबित समस्याओं के समाधान के लिए मजबूत संगठन जरूरीः राजेश शर्मा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ से संबद्ध संगठनों के जिलाध्यक्ष व जिलामंत्रियों की बैठक महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बजट में कर्मचारियों व संविदा कर्मियों के लिए किए गए वादों के क्रियान्वयन, पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने सहित विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। इस दौरान राजस्थान पटवार संघ के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर का सम्मान किया गया। स्वागत करने वालों में महासंघ के जिला मंत्री रविंद्र सिंह त्यागी, पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार तोमर, कम्प्यूटर अधीनस्थ कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विकास शर्मा शामिल रहे। बैठक में 8वें वेतन आयोग के गठन, चयनित वेतनमान की अवधि में संशोधन, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण शुरू करने और सभी विभागों में राजनीतिक डिजायर सिस्टम समाप्त करने की मांग उठी। राजेश शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मजबूत संगठन आवश्यक है और पटवारियों को 3600 ग्रेड पे दिलाने व पदोन्नति विसंगतियां दूर कराने का भरोसा दिया। पटवार संघ जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर ने पुरानी पेंशन योजना की निरंतरता और वेतन विसंगतियां दूर करने की मांग रखी। शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर व अनिल शर्मा ने लंबित पदोन्नतियां शुरू करने व ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण की मांग की। बैठक में बालकिशन शर्मा, मनोज मीणा, लोकेन्द्र गर्ग, संजू परमार, दीपेश सिंघल, रजनीकांत शर्मा, मोनू रजक, दिनेश शर्मा, शैलेंद्र मीणा, आशीष राजपूत सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने राजाखेड़ा व दिहोली पुलिस थानों का किया औचक निरीक्षण

### पुलिस थानों की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने मनियां पुलिस सर्किल के अंतर्गत पुलिस थाना राजाखेड़ा व दिहोली का औचक निरीक्षण किया। थानाधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों अभिलेख कक्ष, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क और स्वागत कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने रिकॉर्डों की जांच करते हुए लंबित प्रकरणों और परिवादों की समीक्षा की और अनुसंधान कार्य में पारदर्शिता और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने थाना क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, अवैध हथियारों, मादक पदार्थ तस्करों, वाहन चोरी गिरोहों और असामाजिक तत्वों पर सतर्क निगरानी रखने की आवश्यकता जताई। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि दोनों ही थाना क्षेत्रों की अंतरराज्यीय सीमा उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश से सटी हुई है, जिससे सीमावर्ती इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों की आशंका बनी रहती है। उन्होंने अवैध तस्करी, अंतरराज्यीय अपराधों और हथियारों की आवाजाही पर नियंत्रण के लिए निगरानी बढ़ाने और संबंधित राज्यों की पुलिस से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों के रख-रखाव, अनुशासन, जनसंपर्क और शिकायत निवारण व्यवस्था की भी समीक्षा कर आवश्यक सुधार के सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान वृत्ताधिकारी मनियां खलील अहमद, थानाधिकारी दिहोली राहुल कुमार प्रशिक्षु आरपीएस, थानाधिकारी राजाखेड़ा गंभीर सिंह सहित दोनों थानों का पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

# चिड़ावा एसडीएच में डॉक्टरों ने सीपीआर देकर बचाई महिला की जान

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** समय पर दी गई सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) ने एक महिला की जान बचाकर यह साबित कर दिया कि आपात स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा कितनी जीवनरक्षक साबित हो सकती है। यह घटना चिड़ावा उप जिला अस्पताल के ओपीडी में सामने देखने को मिली। जानकारी के अनुसार नेपाल निवासी 40 वर्षीया रोशनी देवी चूंगी नाका के पास एक मकान में घर का काम करती है। काम करते वक्त ही उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई। जिसके बाद अस्पताल की ओपीडी में परामर्श लेने आई थीं। इसी दौरान अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और उन्हें हार्ट अटैक आया। जिससे वे कुर्सी पर ही अचेत होकर गिर पड़ीं। उस समय ओपीडी में मौजूद पीएमओ डॉ. नितेश जांगिड़ और चिकित्सक डॉ. भानु प्रकाश की नजर महिला पर पड़ी। दोनों डॉक्टर तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना देर किए उन्हें सीपीआर देना शुरू किया। डॉक्टरों की तत्परता रंग लाई और कुछ ही पलों में महिला की सांसें दोबारा चलने लगीं। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कर आगे का उपचार शुरू किया गया। फिलहाल महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है और वह चिकित्सकीय निगरानी में हैं। चिकित्सक डॉ. भानु प्रताप ने बताया कि अस्पताल के स्टाफ को नियमित रूप से सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जाता है। ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि समय पर दिया गया सीपीआर कई बार जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी को तय कर देता है।

### हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट के मामलों में पहले 4-5 मिनट बेहद अहम होते हैं: जांगिड़

उप जिला अस्पताल चिड़ावा के पीएमओ डॉ. नितेश जांगिड़ ने बताया कि सीपीआर एक आपातकालीन जीवनरक्षक तकनीक है। जो तब दी जाती है जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन बंद हो जाती है। इसमें छाती पर नियंत्रित दबाव और जरूरत पड़ने पर कृत्रिम सांस देकर शरीर में रक्त संचार बनाए रखने की कोशिश की जाती है, जब तक चिकित्सा सहायता उपलब्ध न हो जाए। डॉ. जांगिड़ के अनुसार हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट के मामलों में पहले 4-5 मिनट बेहद अहम होते हैं। सही समय पर दिया गया सीपीआर जीवित बचने की संभावना कई गुना बढ़ा देता है। सामान्य लोगों को भी बेसिक सीपीआर की जानकारी होना जरूरी है। महिला के परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी तत्परता और प्रशिक्षण के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। यह घटना न केवल चिकित्सकों की सजगता की मिसाल है, बल्कि आमजन को भी सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीक सीखने की प्रेरणा देती है।

### सीपीआर को लेकर दी जा रही है ट्रेनिंग:

सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि जिलेभर के अस्पतालों में कार्यरत स्टॉफ को सीपीआर की ट्रेनिंग दी गई है उप जिला अस्पताल चिड़ावा के स्टॉफ ने ट्रेनिंग का सुखद परिणाम भी हम सबके सामने ला दिया। इस बारे में लगातार आमजन को जानकारी दी जा रही है। सीपीआर के लिए कोई विशेष तकनीकी या शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं होती है। पीएमओ डॉ नितेश जागिड़ ने बताया कि कई लोग खुद भी सीपीआर की जानकारी लेने आते है तो उन्हें यह जानकारी दी जा रही है। जल्द ही उप जिला अस्पताल की ओर से विभिन्न जगहों पर जाकर भी सीपीआर की जानकारी देकर आमजन को इस उपयोगी और जीवनरक्षक के बारे में बताया जाएगा। ताकि कहीं पर भी हार्ट अटैक की स्थिति में किसी भी रोगी की जान बचाई जा सके।

# कूटरचित दस्तावेज, फर्जी हस्ताक्षर और नामांतरण से 5.45 हैक्टेयर कृषि भूमि हड़पने का आरोप!

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** ग्राम मौजा सिन्दरू में पैतृक खातेदारी कृषि भूमि को सुनियोजित षड्यंत्र के तहत कूटरचित दस्तावेजों, फर्जी हस्ताक्षरों और पंजीयन प्रक्रिया के दुरुपयोग से हड़पने का गंभीर मामला उजागर हुआ है। इस संबंध में रौनक माथुर निवासी उदयपुर की रिपोर्ट पर सुमेरपुर सदर थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गहन जांच प्रारंभ कर दी है। प्रार्थी के अनुसार खसरा संख्या 736 से 742 तक कुल 5.45 हैक्टेयर खातेदारी कृषि भूमि उसकी दादी स्वर्गीय शांतिदेवी के नाम दर्ज थी, जिसमें प्रार्थी व उसकी बहन मोनिका माथुर का वैधानिक पैतृक अधिकार है। शांतिदेवी की मृत्यु के पश्चात जानबूझकर विरासत नामांतरण नहीं करवाया गया और इसी कानूनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए अभियुक्तों ने भूमि हड़पने की साजिश रची। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि 30 नवंबर 2022 को अभियुक्तों ने कूटरचित सहमति पत्र एवं विशेष मुख्त्यारनामा तैयार किया, जिसमें प्रार्थी व उसकी बहन के नाम हटाकर अन्य व्यक्तियों के नाम अंकित किए गए। दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर करवा कर उन्हें नोटरी से तस्दीक भी करवा ली गई, जिससे फर्जीवाड़े को वैधानिक रूप देने का प्रयास किया गया। इन्हीं जाली दस्तावेजों के आधार पर 29 मार्च 2025 को उप पंजीयक कार्यालय, सुमेरपुर में हकत्याग पत्र निष्पादित करवा कर भूमि का नामांतरण करवा लिया गया। इसके बाद 3 अक्टूबर 2025 को अभियुक्तों ने बख्शीशनामा निष्पादित कर भूमि अपने एवं अपने भाई के नाम दर्ज करवा ली, जिससे पूरे षड्यंत्र को अंजाम दिया गया। पीड़ित को इस संगठित फर्जीवाड़े की जानकारी 5 फरवरी 2026 को भूमि पर पहुंचने एवं राजस्व रिकॉर्ड की नकल प्राप्त करने के बाद हुई, जिसके पश्चात उसने तत्काल सुमेरपुर सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। जांच में पंजीयन कार्यालय, नोटरी सत्यापन, राजस्व अभिलेख एवं नामांतरण प्रक्रिया की भूमिका भी खंगाली जा रही है। सूत्रों के अनुसार मामले में कई स्तरों पर मिलीभगत की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है।

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड बाड़ी का वार्षिक अधिवेशन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ बाड़ी की साधारण सभा सभा व वार्षिक अधिवेशन सहायक जिला कमिश्नर नन्दलाल मीणा की अध्यक्षता में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बाड़ी में मंगलवार को संपन्न हुआ। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नन्दलाल मीणा ने सचिव पद पर राजेश कुमार शर्मा व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमखेड़ा को नियुक्त किया। इस अवसर पर मीणा ने संस्था प्रधानों व स्काउट गाइड प्रभारियों को प्रत्येक विद्यालय में मंगलवार व शुक्रवार को सप्ताह में 2 दिन स्काउटिंग गतिविधि को पूर्ण मनोयोग से संचालित कर करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा ने कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से नई पीढ़ी में संस्कारों का विकास होता है, स्काउट नियम व प्रतिज्ञा को अपने जीवन में आत्मसात करने से विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, अनुशासन व स्वावलंबन की भावना विकसित होती है। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक ने कहा कि स्काउटिंग से जुड़कर विद्यार्थियों को राज्य पुरस्कार व राष्ट्रपति अवार्ड अर्जित करने का सुअवसर प्राप्त होता है। शिक्षाविद व संदर्भ व्यक्ति सुरेश भारद्वाज ने कहा कि स्काउटिंग रूपी पाठशाला में सुनागरिकता की शिक्षा दी जाती है। स्थानीय संघ सचिव राजेश कुमार शर्मा ने गत सत्र का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर संघ की उपलब्धियां बताई। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारिका प्रसाद मीणा, विष्णु मीणा, महेंद्र सिंह बघेल, राजेंद्र सिंह बघेल, विजय सिंह पुनिया, ओमप्रकाश मोदी, रामदास बघेल, मयंक शर्मा, दिलीप शर्मा, नारायण सिंह, रमेश चंद्र रावत, कुमार पाल जाटव, विजय सिंह चावड़ा, माता प्रसाद, मयंक शर्मा, सत्य प्रकाश गुप्ता, मंगल सिंह मीणा, अयूब खान स्काउट, शीतल शर्मा गाइडर आदि उपस्थित रहे।